रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 93] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अप्रैल 3, 2014/चैत्र 13, 1936
No. 93] NEW DELHI, THURSDAY, APRIL 3, 2014/CHAITRA 13, 1936

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं सम्बद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 2 अप्रैल, 2014

अंतिम जांच परिणाम

विषय :—ईयू, यूएसए और कोरिया आरपी में उद्भवित अथवा वहां से निर्यातित "मिथाइलीन क्लोराइड" के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच-अंतिम जांच परिणाम।

फा. सं. 14/19/2012-डीजीएडी.—यत:, निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें एतद्पश्चात् प्राधिकारी कहा गया है) को, समय-समय पर यथासंशोधित, सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे एतद्पश्चात् अधिनियम कहा गया है) और उसके समय-समय पर यथासंशोधित, सीमाशुल्क प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 के अंतर्गत मैसर्स केमप्लास्ट सन्मार लिमिटेड और मैसर्स गुजरात फ्लोरोकैमिकल्स लिमिटेड (जिन्हें एतद्पश्चात् याचिकाकर्ता या आवेदक कहा गया है) से यूरोपियन यूनियन, दक्षिण कोरिया और यूएसए (जिन्हें एतद्पश्चात सम्बद्ध देश कहा गया है) से मिथाइलीन क्लोराइड (जिसे एतद्पश्चात् सम्बद्ध वस्तु कहा गया है) के कथित पाटन का आरोप लगाते हुए एक लिखित आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है ।

2. यत:, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की ओर से आवेदक द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर सम्बद्ध देशों में उद्भवित अथवा वहां से निर्यातित सम्बद्ध वस्तु के आयातों के संबंध में नियमावली के उपनियम 6(1) के अनुसार कथित पाटन की

मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण करने तथा पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश पर विचार करने के लिए पाटनरोधी जांच शुरुआत करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण में दिनांक 4 अप्रैल, 2013 को एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया ।

क. प्रक्रिया

3. इस जांच के सम्बद्ध में निम्नलिखित का पालन किया गया:—

i. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के उप नियम 5(5) के अनुसार जांच प्रारंभ करने की प्रक्रिया से पहले पाटन एवं क्षति का आरोप लगाते हुए आवेदन की प्राप्ति के बारे में भारत में सम्बद्ध देशों के राजदूतावासों को अधिसूचना प्रेषित की।

ii. प्राधिकारी ने सम्बद्ध देशों में उद्भवित अथवा वहां से निर्यातित सम्बद्ध वस्तु के आयातों के सम्बंध में पाटनरोधी जांच प्रारंभ करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण में दिनांक 4 अप्रैल, 2013 को प्रकाशित एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया।

iii. प्राधिकारी ने सभी ज्ञात निर्यातकों (जिनके ब्यौरे आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) और उद्योग एसोसिएशनों को इस सार्वजनिक सूचना की प्रति अग्रेषित की तथा उन्हें अपने विचारों से लिखित रूप में अवगत कराने के लिए पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(2) के अनुसार अवसर प्रदान किया।

iv. प्राधिकारी ने इस सार्वजनिक नोटिस की एक प्रति भारत में सम्बद्ध वस्तु के सभी ज्ञात आयातकों (जिनके ब्यौरे आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) को भी प्रेषित की और उन्हें सुझाव दिया कि वे इस पत्र की प्राप्ति की तारीख से चालीस दिनों के अंदर अपने विचारों से लिखित रूप में अवगत कराएं।

v. प्राधिकारी ने आवेदन के अगोपनीय पाठ की एक प्रति पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार सभी ज्ञात निर्यातकों को तथा भारत में सम्बद्ध देशों के राजदूतावासों को उपलब्ध कराई। आवेदन-पत्र की एक प्रति अनुरोध करने पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी उपलब्ध कराई गई।

vi. प्राधिकारी ने कोरिया गणराज्य के राजदूतावास और मैसर्स सैमसंग फाइलन कैमिकल्स लिमिटेड से प्रत्युत्तर प्राप्त किया। तथापि, कोरिया के किसी भी निर्यातक ने निर्यातक प्रश्नावली प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं किया।

vii. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार सम्बद्ध देशों के निम्नलिखित ज्ञात निर्यातकों को सम्बद्ध संगत सूचना प्रदान कराने के लिए प्रश्नावलियां भेजीं : —

क. डी ओ डब्ल्यू कैमिकल्स

ख. इनिआस क्लोर लिमिटेड

ग. साल्वे एसए

घ. आर्केमा एस ए

ड. आक्सीडेंटल कैमिकल कारपोरेशन

च. डाव टैक्सास आपरेशन्स

छ. सैमसंग फाइन कैमिकल्स

ज. ओ सी आई कारपोरेशन

मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स बी वी, नीदरलैंड्स और आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स जीएम बी एच, जर्मनी द्वारा प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर किया गया था। इसके अतिरिक्त, मैसर्स सैमसंग फाइन कैमिकल्स ने जांच शुरुआत अधिसूचना का ही प्रत्युत्तर दिया। तथापि, इसने कोई प्रश्नावली प्रत्युत्तर दर्ज नहीं किया ।

viii. सम्बद्ध वस्तु के भारत स्थित निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना प्रदान कराने के लिए प्रश्नावलियां प्रेषित की गईं :—

क. वर्धमान ट्रेडिंग कारपोरेशन

ख. हर्ष कुमार एंड कंपनी

ग. राल्केय लिमिटेड

घ. मारपियन लैब्स

ङ सूर्या मेडिकअर लिमिटेड

च. इण्डसोल ड्रग्स लिमिटेड

छ. मेघमणि आर्गेनिक्स लिमिटेड

ज. यूनाइटेड फास्फोरस लिमिटेड

झ. के डी एल बायोटेक लिमिटेड

ञ. सन फार्मास्युटिकल्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड

ट. रेल्स इंडिया लिमिटेड

ठ. एलेम्बिक लिमिटेड

ड. हिन्दुस्तान कैमिकल्स इंडस्ट्रीज

ix. निम्नलिखित आयातकर्ताओं/ उपभोक्ताओं ने जांच शुरुआत अधिसूचना का प्रत्युत्तर दिया:—

क. हीट्रो लैब्स लिमिटेड

ख. डा. रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड

ग. अरबिन्दो फार्मा लिमिटेड

घ. कोबैलेण्ट लैबोरेटरीज लिमिटेड

ड. रेनबैक्सी लैबोरेटरीज लिमिटेड

x. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य का अगोपनीय हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण के लिए सार्वजनिक फाइल के रूप में खुली रखी।

xi. वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई एंड एस) से अनुरोध किया गया कि वह सम्बद्ध वस्तु का जांच की अवधि सहित विगत तीन वर्षों में हुए आयात का ब्यौरा उपलब्ध कराये। डीजीसीआई एंड एस से प्राप्त खेप-वार आयात आकड़ों पर प्राधिकारी द्वारा इस जांच परिणाम में प्रयोग किया गया है।

xii. भारत में सम्बद्ध वस्तु की उत्पादन लागत और उसे बनाने तथा उसकी बिक्री करने की लागत का निर्धारण आवेदकों द्वारा प्रस्तुत सामान्यत: स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों (जीएएपी) के आधार पर सूचना के अनुरूप पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-3 के अनुसार किया गया ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से न्यूनतर पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग की क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा।

xiii. निर्दिष्ट प्राधिकारी ने इस प्रारंभ जांच परिणाम अधिसूचना को दिनांक 6.9.2013 की अधिसूचना सं.14/19/2012-डीजीएडी के तहत अधिसूचित किया गया और सम्बद्ध देशों में उद्भवित या वहां से निर्यातित सम्बद्ध वस्तु के आयातों के संबंध में अनंतिम पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित करने की सिफारिश की। निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा की गई अंतरिम सिफारिशों को केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वीकार कर लिया गया और दिनांक 21 अक्तूबर, 2012 की अधिसूचना सं. 24/2013 के तहत इस अंतरिम शुल्क को उद्ग्रहित किया गया।

xiv. निर्दिष्ट प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार सभी हितबद्ध पक्षकारों को 22 नवम्बर, 2013 को आयोजित सार्वजनिक सुनवाई में अपने विचार मौखिक रूप से व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। जिन

पक्षकारों ने इस सार्वजनिक सुनवाई में अपने विचार मौखिक रूप से व्यक्त किये उनसे यह अनुरोध किया गया कि वे मौखिक रूप से व्यक्त किये गये अपने विचारों का लिखित प्रस्तुतिकरण भी प्रस्तुत करें। हितबद्ध पक्षकारों को विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये प्रस्तुतिकरणों का प्रोक्ति प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान किया गया। हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त लिखित प्रस्तुतिकरणों/प्रोक्तियों में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये तर्कों पर इस अधिसूचना में, जहां कहीं संगत पाया गया, विचार किया गया है।

xv. इस अंतिम जांच परिणाम के प्रयोजनार्थ आवेदक द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना का आवश्यक समझी गई सीमा तक स्थल सत्यापन किया गया।

xvi. यह जांच 1 जनवरी, 2012 से प्रारंभ करके 31 दिसम्बर, 2012 (जांच की अवधि) तक के लिए की गई थी। क्षति विश्लेषण के संबंध में प्रवृत्तियों की जांच में अप्रैल, 2009—मार्च 2010, अप्रैल, 2010—मार्च, 2011, अप्रैल, 2011—मार्च, 2012 और जांच की अवधि को शामिल किया गया।

xvii. प्रमुख नियमावली के नियम 16 के अनुसार इस अंतिम जांच परिणाम के लिए आवश्यक तथ्यों/विचारित आधार का प्रकटन सभी ज्ञात हितबद्ध पक्षकारों को दिनांक 25 मार्च, 2014 के प्रकटन विवरण के तहत किया गया और उन पर प्राप्त टिप्पणियों का प्राधिकारी द्वारा संगत समझी गई, सीमा तक इस अधिसूचना में समाधान कर दिया गया है।

xviii. इस अधिसूचना में *** हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का प्रतिनिधित्व करता है और उस पर प्राधिकारी द्वारा नियमों के अनुसार उसी तरह विचार किया गया।

xix. जांच की अवधि के लिए अपनाई गई भारित विनिमय दर 1 अमरीकी डालर = 53.69 रुपये है।

ख. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

घरेलू उद्योग के विचार

4. विचाराधीन उत्पाद के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किये गये प्रस्तुतिकरण निम्नलिखित हैं:—

I. मिथाईलीन क्लोराइड एक कार्बनिक यौगिक जिसका फार्मूला सीएच2सी12 । यह एक रंगहीन द्रव है जिसमें ईथर जैसी खुशबू आती है और इसका प्रयोग मुख्यत: साल्वेंट के रूप में किया जाता है। यह प्रयोग की अधिकांश दशाओं में अज्वलनशील होता है तथापि गरम करने पर यह तेजी से जलता है।

II. सम्बद्ध वस्तु के कोई ज्ञात ग्रेड नहीं हैं। तथापि, इसका व्यापार खुले में या पैकेट में किया जा सकता है और इसलिए इसका कीमतों पर सीधा प्रभाव होता है।

III. मिथाइल क्लोराइड को सीमा-शुल्क प्रशुल्क अधिनियम के अध्याय-29 (कार्बनिक रसायन) के सीमाशुल्क उपशीर्षक 29031200 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। तथापि यह सीमा-शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और किसी भी रूप में यह वर्तमान जांच के दायरे के अंतर्गत बाध्यकारी नहीं है।

IV. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सम्बद्ध वस्तु और सम्बद्ध देशों से आयातित सम्बद्ध वस्तु के बीच कोई ज्ञात अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सम्बद्ध वस्तु और सम्बद्ध देशों से आयातित सम्बद्ध वस्तु गुणधर्मों जैसे भौतिक एवं रसायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों एवं प्रयोगों, उत्पादन विनिर्देशनों, वितरण एवं विपणन और वस्तु के प्रशुल्क वर्गीकरण के रूप में तुलनीय है।

V. विभिन्न ग्रेडों की मौजूदगी के संबंध में ऐसा दावा करने वाले हितबद्ध पक्षकारों को आयात आकड़ों या अन्य आयात दस्तावेजों में यथाप्रस्तुत उत्पाद विवरण के आधार पर विभिन्न ग्रेडों की मौजूदगी सिद्ध करना अपेक्षित होता है। यदि उत्पाद की खपत वास्तव में विभिन्न ग्रेडों में की गई है तो हितबद्ध पक्षकारों को विभिन्न ग्रेडों की मौजूदगी दर्शाने वाला संगत दस्तावेज प्रदान कराने से कोई मना नहीं कर सकता है। इन हितबद्ध पक्षकारों द्वारा ऐसी कोई सूचना प्रदान नहीं कराई गई है जो उत्पाद के विभिन्न ग्रेडों की मौजूदगी दर्शाती है।

VI. आयात चाहे खुले रूप में किया जाये ड्रम में परंतु विवरण यह नहीं दर्शाता है कि इस वस्तु में विभिन्न ग्रेड अंतर्ग्रस्त है।

VII. प्रकटन पश्चात् यह पुन: उल्लेख किया गया कि मिथायलीन क्लोराइड के विभिन्न ग्रेडों की मौजूदगी को हितबद्ध पक्षकारों द्वारा सिद्ध नहीं किया गया है जिसे उत्पादन विवरण के आधार पर सिद्ध किए जाने की जरुरत होती है, जैसा कि आयात आंकड़ों और उत्पाद विनिर्देशनों में उल्लेख किया गया है।

अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

5. विचाराधीन उत्पाद के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये प्रस्तुतिकरण निम्नलिखित हैं :—

i. आवेदक ने विचाराधीन उत्पाद के संबंध में महत्वपूर्ण पहलुओं पर सूचना छुपाई है और भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की है। इंडियन फारमेकोपोइया में मिथाइलीन क्लोराइड का मोनोग्राफ यह दर्शाता है कि मिथाइलीन क्लोराइड के विभिन्न ग्रेड है जिनके लिए कीमतों में अंतर रहता है। ड्रमों में किये गये आयात पर भी एक लेबल लगा होता है जिसमें ग्रेड निर्धारित होता है। प्राधिकारी ने कीमत अंतर को नकार दिया है।

ii. ड्रम पैक्ड और खुली मिथाइलीन क्लोराइड की कीमत में अंतर है। यह अंतर केवल ड्रम की लागत के कारण ही नहीं बल्कि विभिन्न ग्रेडों के कारण भी हो सकती है।

iii. ड्रमों में आईपी ग्रेड में अधिप्राप्त सम्बद्ध वस्तु का प्रयोग टेबलेट्स की कोटिंग करने के लिए आधारभूत संविन्यासों में अनुद्रव्य के रूप में किया जाता है। प्रति टेबलेट्स कीमत प्रभाव एक प्रतिशत होता है। खुली सम्बद्ध वस्तु का प्रयोग मुख्यत: सक्रिय भेषज अवघटकों का उत्पादन करने में औषध उद्योग द्वारा साल्वेंट के रूप में किया जाता है। इसके प्रयोग और प्रभाव एक ड्रग से दूसरे ड्रग में अलग-अलग होते है।

iv. प्रकटन के पश्चात् अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अधिकांशत: जांच की प्रक्रिया में पहले अभिव्यक्त किए गए अपने विचारों को दोहराया है। यह प्रस्तुत किया गया है कि प्राधिकारी का यह निर्धारण कि मिथाइलीन क्लोराइड के कोई ज्ञात ग्रेड नहीं है और इसकी मनाही की जाती है। उनके द्वारा किया गया विश्लेषण यह दर्शाता है कि ड्रम पैक्स और लूज मिथायलीन क्लोराइड की प्रति यूनिट दर में भिन्नता न केवल ड्रम की कीमत के कारण है बल्कि केवल ड्रमों में आने वाले विशेषीकृत ग्रेडों के कारण भी हो सकती है। लूज मिथायलीन क्लोराइड का उपयोग अधिकांशत: सक्रिय फार्मास्युटिकल अन्तर्वस्तु (एपीआई) का उत्पादन करने की प्रक्रिया में साल्वेंट के रूप में ड्रग उद्योग द्वारा किया जाता है। इसके प्रयोग और कीमत पर प्रभाव ड्रग से ड्रग के लिए अलग-अलग होता है। यदि क्लोरोफार्म और पीटीएफई के लिए बाजार स्थिति समान ही बनी रहती है या और अधिक बिगड़ जाती है तो घरेलू उत्पादक को क्लोरोफार्म और अन्तत: मिथायलीन क्लोराइड का उत्पादन बंद कर देने के सिवाय कोई अन्य चारा नहीं रह जाता है। ड्रग उद्योग के लिए यह अभिशाप के समान होगा। मूल रुप से सभी एपीआई खासकर जीवन रक्षक ड्रग्स साल्वेंट के रूप में मिथायलीन क्लोराइड का प्रयोग करते हैं और प्राधिकारियों द्वारा उठाए गए कदम के कारण देश में जीवन रक्षक ड्रग्स की कमी हो जाएगी। उपर्युक्त कदम ड्रग विनिर्माताओं के भारी सेगमेंट के लिए हानिकर होगा। यह एक गंभीर मामला होने के कारण प्राधिकारी को इस मामले पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए क्योंकि क्षति निर्धारण का आधार, खासकर संयुक्तक उत्पादों के लिए त्रुटिपूर्ण एवं गलत है जिसका पहले ही उल्लेख किया गया था।

प्राधिकारी द्वारा जांच

6. वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ विचाराधीन उत्पाद ''मिथाइलीन क्लोराइड'' है जिसे ''डाइक्लोरोमिथेन'' और ''मिथाइलीन ड्राइक्लोराइड'' (एमडीसी) के रूप में भी जाना जाता है।

7. मिथाईलीन क्लोराइड एक कार्बनिक यौगिक जिसका फार्मूला सीएच2सी12 । यह एक रंगहीन द्रव है जिसमें ईथर जैसी खुशबू आती है और इसका प्रयोग मुख्यत: साल्वेंट के रूप में किया जाता है। यह प्रयोग की अधिकांश दशाओं में अज्वलनशील होता है तथापि गरम करने पर यह तेजी से जलता है। मिथाइलीन क्लोराइड उच्च ताप पर डिकम्पोज हो सकता है और इसमें से जहरीली गैस निकल सकती है। यह विभिन्न साल्वेंटों के साथ पूरी तरह से मिश्र्य है। एमडीसी एक साल्वेंट है और इसका प्रयोग पोलीकार्बोनेट तथा फिनोलिक रेजिन्स, रेयन यार्न का निर्माण करने, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि तथा सुगंध उद्योग में किया जाता है। यह खाद्य वसा, कोकोआ, मक्खन और ऐसेन्स के लिए निस्सारण के रूप में किया जाता है ।

8. मिथाइलीन क्लोराइड का उत्पादन करने के लिए दो तकनीकें है- मिथेन रुट और मेथनोल रुट । दोनों रुपों से उत्पादित उत्पाद अनिवार्यत: तकनीकी विनिर्देशनों में समान होता है। मिथाइलीन क्लोराइड को सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम के अध्याय-29 के अंतर्गत सीमाशुल्क उपशीर्षक सं.29031200 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। तथापि यह वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और यह किसी भी रुप में वर्तमान जांच के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है।

9. समान वस्तु के संबंध में पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) में निम्नलिखित प्रावधान किया गया है:-

''समान वस्तु'' का आशय किसी ऐसी वस्तु से होता है जो भारत में पाटित की जा रही जांचाधीन वस्तु के सभी रुपों में समान या उसके अनुरुप हो अथवा इस वस्तु के अभाव में कोई अन्य वस्तु जो यद्यपि सभी रुपों में समान न होते हुए भी जिसमें जांचाधीन वस्तु के अनुरुप प्रकट होने वाले गुणधर्म हो''

10. रिकार्ड में उपलब्ध सूचना पर विचार करने के पश्चात प्राधिकारी ने यह निर्धारण किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सम्बद्ध वस्तु तथा सम्बद्ध देशों से आयातित सम्बद्ध वस्तु के बीच कोई ज्ञात अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सम्बद्ध वस्तु तथा समबद्ध देशों से आयातित सम्बद्ध वस्तु गुणधर्मों जैसे भौतिक एवं रसायनिक गुणधर्म, विनिर्माण प्रक्रिया एवं प्रौद्योगिकी प्रकार्यों एवं प्रयोगों, उत्पादन विनिर्देशनों, वितरण एवं विपणन तथा वस्तु के प्रशुल्क वर्गीकरण के रुप में तुलनीय है।

11. हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क के संबंध में कि मिथाइलीन क्लोराइड के भिन्न-भिन्न ग्रेड होते हैं, यह नोट किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद के ऐसे विभिन्न ग्रेडों की मौजूदगी को सिद्ध नहीं कर पाया है जिनमें भौतिक एवं रसायनिक गुणधर्म, विनिर्माण प्रक्रिया, उत्पादन प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों एवं प्रयोगों, लागत, कीमत आदि में भारी अंतर हो। यह भी नोट किया जाता है कि प्राधिकारी को डीजीसीआई एंड एस उपलब्ध कराये गये खेपवार आयात आंकड़ों से भी विचाराधीन उत्पाद के विभिन्न ग्रेडों का भी पता नहीं लगा।

12. असंवेष्ठित और ड्रमबद्ध उत्पाद की लागत और कीमत में अंतर के संबंध में प्राधिकारी ने अपनी प्रारंभिक जांच में इस तथ्य को पहले ही माना है तथा पाटन मार्जिन एवं क्षति मार्जिन का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ असंवेष्ठित और ड्रम उत्पाद की अलग-अलग तुलना की है। यह भी नोट किया जाता है कि असंवेष्ठित और पैक्ड दोनों ही रुपों में इस उत्पाद का भारत में आयात किया गया है और घरेलू उद्योग द्वारा दोनों की ही आपूर्ति की गई है।

13. जहां तक अनुस्रोत उत्पादों की कीमत पर इस उत्पाद के प्रभाव का संबंध है। हितबद्ध पक्षकारों ने यह परिमाणित और स्थापित नहीं किया है कि अनुस्रोत उद्योग पर पाटन रोधी शुल्क का प्रभाव बहुत अधिक होगा।

ग. <u>घरेलू उद्योग एवं आधार</u>

<u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

14. यह आवेदन पत्र संयुक्त रुप से मैसर्स कैमप्लास्ट सनमार लिमिटेड और मैसर्स गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। इस उत्पाद के गुजरात अल्कलीज एंड केमिकल्स लिमिटेड और एस आर एफ लिमिटेड नामक दो अन्य उत्पादक भी हैं । एस आर एफ लिमिटेड ने इस याचिका का समर्थन किया है। एस आर एफ लिमिटेड ने इस याचिका का समर्थन किया है। यह प्रस्तुत किया गया है कि यह आवेदन घरेलू उद्योग द्वारा या घरेलू उद्योग की ओर से प्रस्तुत किया गया है और यह आवेदन पत्र पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के अंतर्गत किये गये हैं और यह आवेदन पत्र पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के अंतर्गत आधार की जरुरत को पूरा करता है और याचिकाकर्ता पाटनरोधी नियमावली के नियम 2 (ख) में उल्लिखित शर्तों के अनुसार घरेलू उद्योग बनते हैं।

<u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

15. घरेलू उद्योग तथा आधार के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुतिकरण किये गये है और यह आधार निम्नलिखित है:-

क. एस आर एफ लिमिटेड ने स्पष्ट रुप से इस याचिका का समर्थन किया है। इसने प्रतिभागी के रुप में कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं कराये हैं । इसकी अप्रतिभागिता और कोई भी प्रस्तुतिकरण न करने के संबंध में उसे असहयोगकर्ता के रुप में माना जाना चाहिए न कि आवेदन के समर्थक के रुप में।

ख. जी ए सी एल ने वर्तमान जांच में कोई खास हित प्रदर्शित नहीं किया है। यह भी संभव नहीं है कि सम्बद्ध आयात केवल एक कंपनी को प्रभावित करेंगे जबकि अन्य उत्पादकों को प्रभावित नहीं करेंगी।

<u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

16. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग को निम्नवत परिभाषित किया गया है:-

''घरेलू उद्योग'' का आशय समान वस्तु के विनिर्माण या उससे संबंधित किसी अन्य क्रियाकलाप में समग्र रुप से लगे उन सभी घरेलू उत्पादकों अथवा उन उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उस वस्तु के समस्त घरेलू उत्पादन का एक बड़ा अनुपात बनता हो, सिवाय इसके कि यदि ये उत्पादक कथित पाटित वस्तु के निर्यातकों अथवा आयातकों से संबंधित हों अथवा उसके स्वयं आयातक हों तो ऐसे मामलों में ''घरेलू उद्योग'' को केवल शेष उत्पादकों के रुप में माना जाएगा।

17. यह आवेदन पत्र संयुक्त रुप से मैसर्स कैमप्लास्ट सनमार लिमिटेड और मैसर्स गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। इस उत्पाद के गुजरात अल्कलीज एंड केमिकल्स लिमिटेड और एस आर एफ लिमिटेड नामक दो अन्य उत्पादक भी हैं जिन्होंने इस याचिका का समर्थन किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिकाकर्ता कुल भारतीय उत्पादन के 50 प्रतिशत से अधिक का उत्पादन करते हैं । इसके अतिरिक्त, समर्थकों के उत्पादन को मिलाकर याचिकाकर्ताओं का उत्पादन भारतीय उत्पादन का 83 प्रतिशत उत्पादन बनता है और इसलिए याचिकाकर्ता का उत्पादन भारत में उत्पादित समान उत्पाद के कुल उत्पादन का अधिकांश अनुपात बनता है। पुन: यह नोट किया जाता है कि किसी भी याचिकाकर्ता ने विचाराधीन उत्पाद का ना तो आयात किया है और न ही वे विचाराधीन उत्पाद के आयातक या निर्यातक से सम्बद्ध है। यद्यपि मैसर्स एस आर एफ लिमिटेड ने इस याचिका का समर्थन किया है तथापि कंपनी ने ऐसी कोई सूचना प्रदान नहीं की है जो क्षति निर्धारण से प्रासंगिक हो। अत: यह निर्धारित किया जाता है कि यह आवेदन पत्र घरेलू उद्योग द्वारा अथवा उसकी ओर से किया गया है और आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के अंतर्गत 'आधार' की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं । इसलिए याचिकाकर्ता पाटनरोधी नियमावली के नियम 2 (ख) में उल्लिखित शर्तों के अनुसार घरेलू उद्योग बनता है।

18. हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क के संबंध में कि एस आर एफ लिमिटेड को समर्थनकर्ता के रुप में नहीं माना जाना चाहिए, यह नोट किया जाता है कि नियमावली का नियम 5 यह अपेक्षा करता है प्राधिकारी इस तथ्य पर विचार करे कि क्या याचिका का समर्थन उन घरेलू उत्पादकों द्वारा किया गया है जिनका सामूहिक उत्पादन घरेलू उद्योग के उस भाग द्वारा उत्पादित समान वस्तु के कुल उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक होता है जो उसका समर्थन करते हो अथवा विरोध करते हो, जैसे भी मामला हो। अत: यदि किसी घरेलू उत्पादन ने याचिका का समर्थन किया है तो निर्दिष्ट प्राधिकारी से नियम 5 (3) के प्रयोजनार्थ उस पर विचार करना अपेक्षित होता है। तथापि, नियम 2(ख) के अंतर्गत निर्दिष्ट प्राधिकारी से केवल उन घरेलू उत्पादकों पर ही विचार करना अपेक्षित होता है जिन्होंने प्रासंगिक क्षति सूचना प्रदान करायी है। वर्तमान मामले में, यह नोट किया जाता है कि मैसर्स एस आर एफ लिमिटेड ने इस याचिका का समर्थन किया है और उस पर नियम 5(3) के प्रयोजनार्थ विचार किया जाना अपेक्षित होगा। तथापि, नियम 2(ख) के अंतर्गत मैसर्स मेमप्लास्ट सन्मार लिमिटेड और मैसर्स गुजरात फ्लोरोकैमिकल्स लिमिटेड को मिलाकर बने घरेलू उद्योग के दायरे के प्रयोजनार्थ, चूंकि एस आर एफ ने क्षति सूचना उपलब्ध नहीं कराई है इसलिए प्राधिकारी ने कैमप्लास्ट सनमार्ग और जीएफएल को ही घरेलू उद्योग के रुप में माना है।

घ. <u>विविध प्रस्तुतिकरण</u>

<u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

19. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित विविध प्रस्तुतिकरण किये गये हैं:-

i. न्यूनतम जांच के प्रयोजनार्थ आयातों की मात्रा पर ही विचार किया जाना अपेक्षित होता है। निर्यातकर्ता राष्ट्रों के व्यापार आंकड़ों में रिकार्ड किये गये निर्यातों की मात्रा वर्तमान प्रयोजनार्थ गुणतया असंगत है। कोरिया से आयातों की मात्रा 1811 एमटी है जो कुल आयात का 3.01 प्रतिशत बनता है।

ii. निर्यातक देश से किये गये निर्यात का बाजार में घरेलू उद्योग की कीमत पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ता है। घरेलू उद्योग की क्षति पर विचार करने के लिए (क) आयातित उत्पाद की पुन:बिक्री कीमत, (ख) पत्तन

पर पड़ी सामग्री की मात्रा और, (ग) आयातक द्वारा प्रस्तुत कि गई पुन:बिक्री कीमत ही पर्याप्त होते है। अत: भारत में आयात सामग्री की मात्रा ही वर्तमान प्रयोजनों के लिए संगत नहीं है।

iii. चीन से आयात संबद्ध देशों से आयात से उच्चतर कीमतों पर किये जाते है। चीन से आयातों की मात्रा में क्षति अवधि के दौरान तेजी से गिरावट आयी है जबकि कोरिया आर पी से आयातों की मात्रा में वृद्धि हुई है। तथापि कोरिया से आयात कीमत स्पष्टत: प्रलक्षित होती है और इसने यूरोप और यूएस से आयात कीमत का अनुकरण किया है।

iv. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि बदली हुई परिस्थितियों की जांच विगत जांच में शुल्क वापसी से की जानी चाहिए, घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि हितबद्ध पक्षकार यह मानते है कि पाटनरोधी शुल्क एक स्थायी शुल्क है। घरेलू उद्योग द्वारा यह भी उल्लेख किया गया है कि पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण केवल तभी किया जाता है जब उत्पाद का निर्यात पाटित कीमत पर किया गया हो और उसे घरेलू उद्योग को क्षति हुई हो। आयात कीमतें वर्ष 2010-11 अवधि के दौरान 770-820 अमरीकी डालर पीएमटी के आसपास रही है जिनमें जांच अवधि के दौरान गिरावट हुई और वे 420-470 अमरीकी डालर पीएमटी हो गई, इससे यह प्रदर्शित होता है कि उत्पाद कीमत में नाट्कीय परिवर्तन आया है।

v. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि व्यापारियों ने बाजार में कीमत विकृत की है, घरेलू उद्योग यह प्रस्तुत करता है कि क्या कीमतें व्यापारियों के प्रतिभागिता के कारण कम रही है या निर्यातकों द्वारा कम कीमत पर निर्यात किये जाने के कारण कम रही है। इसके अतिरिक्त व्यापारिगण अपनी तय कीमत से वास्तव रुप में कम कीमत पर किसी उत्पाद की बिक्री अधिक लम्बे समय तक नहीं कर सकते।

vi. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि संयंत्र की स्थापना मुख्यत: क्लोरोफोर्म के लिए की गई है और एमडीसी तथा कार्बन ट्रेटाक्लोराइड का उत्पादन संयुक्त रुप से किया जाता है, घरेलू उद्योग यह प्रस्तुत करता है कि उन्होंने एमडीसी और क्लोरोफार्म का उत्पादन करने के लिए एक संयंत्र की स्थापना की है। संयंत्र का विस्तारीकरण करने के लिए जीएफएल की परियोजना रिपोर्ट यह स्थापित करती है कि कंपनी को एमडीसी के लिए अच्छी मांग और बाजार मिल गई और इसलिए उसने एमडीसी और क्लोरोफार्म का उत्पादन करने के लिए एक संयंत्र स्थापित किया गया है।

vii. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि संयुक्त लागत का निर्धारण समुचित लागत क्रियाविधियों का अनुकरण करके किया जाना चाहिए। घरेलू उद्योग यह प्रस्तुत करता है कि ऐसे मामले में जहां एमडीसी और क्लोरोफार्म का दोनों का उत्पादन साथ–साथ किया जाता हो, उत्पादन कीमत का निर्धारण करने के लिए सुस्थापित क्रियापद्धति का अनुकरण किया गया है। जहां तक सीटीसी का संबंध है, यद्यपि यह एक सह उत्पाद है, फिर भी लागत आकलन के लिए यह एक उप-उत्पाद है। इस संबंध में याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रदान की गई सूचना कंपनी द्वारा अनुरक्षित रिकार्ड से पूरी तरह से संगत है।

viii. प्रकटन के पश्चात घरेलू द्योग में पिछली जांच प्रक्रियाओं में अभिव्यक्त अपने विचारों को अधिकांशत: दोहराया ही है। घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए गए हैं-

क. प्राधिकारी को क्षति निर्धारण ''घरेलू उद्योग'' के लिए करना होता है न कि ''समग्र रुप से घरेलू उत्पादकों'' के लिए। जीएसीएल और एसआर एफ द्वारा प्रतिभागिता न किए जाने को यह नहीं कहा जा सकता है कि उन्हें क्षति हो रही है।

ख. यूएसए तथा यूरोप के उत्पादकों द्वारा चुनिंदा रुप से भारतीय बाजार को लक्ष्य बनाया जा रहा है जिससे कि सम्बद्ध वस्तु का पाटन किया जा सके; इसका कारण विदेशी उत्पादकों के लिए कम मांग और अधिक क्षमता हो सकता है परंतु भारत एक आकर्षक बाजार है।

ग. जहां तक याचिकाकर्ता आयात कीमतों के तुलनीय कीमतों का प्रस्ताव कर रहे हैं, वही तक याचिकाकर्ता अपने माल की बिक्री कर सकता है। तथापि, इस प्रक्रिया में, घरेलू उद्योग को भारी वित्तीय घाटा हो रहा है।

घ. डीजीसीआई एंड एस आंकड़े भारत सरकार के आंकड़ों के ऊपर इसका पूर्वादाहरण प्राकृतिक रुप से अवश्य होगा, जब तक कि तथ्यों के आधार पर यह स्पष्ट नहीं हो जाता है कि इन आंकड़ों में त्रुटियां हैं।

ङ. लागत आबंटन/अभिभाषन क्षमता आधार पर नहीं किया गया है। इसलिए, किसी भी क्षमता पर विचार किया जाए परंतु यह एमडीसी को प्रभारित व्ययों से आवंटन/अभिभाजन को दूषित नहीं करता है।

च. निर्धारित गैर क्षतिकारी बहुत कम है। एनआईपी वास्तविक उत्पादन लागत पर आधारित होना चाहिए, न कि नोशनल लागत पर।

छ. हो सकता है कि तेलंगाना हड़ताल के कारण मांग में कुछ कमी आई हो तथापि, छुटी हुई यह मांग घरेलू उद्योग की क्षमता से अभी भी अधिक है।

ज. यदि यह मान भी लिया जाता है कि इस अवधि के दौरान पीटीएफई बिक्री मात्रा में कमी आई होगी; तो इससे क्लोरोफार्म के उत्पादन में और उसके परिणामस्वरुप एमडीसी के उत्पादन में भी कमी आई होगी। तथापि, एमडीसी और क्लोरोफार्म उत्पादन इस अवधि के दौरान बढ़ा है।

झ. कुछ बड़े फार्मा उद्योगों द्वारा एमडीसी की खपत मुश्किल से 1 प्रतिशत के बराबर है। अत: पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण इन फार्मा उद्योगों की लागत पर कोई प्रभाव डालने नहीं जा रही है।

ञ. किए गए उपाय के स्वरुप को अमरीकी डालर में अभिव्यक्त निर्धारित प्रमात्रा में रखना चाहिए।

<u>आयातकों/उपभोक्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

20. कोरिया सरकार तथा सैमसंग फाइन कैमिकल्स की ओर से किये गये प्रस्तुतिकरण निम्नलिखित है:-

i. कुल आयातों के अनुपात में कोरिया की आयात मात्रा नगण्य है। भारतीय सीमाशुल्क आंकड़ों के अनुसार जनवरी-दिसम्बर, 2012 में कुल आयात मात्रा के 2.5 प्रतिशत के लगभग है।

ii. याचिका के अनुसार यद्यपि कुल आयातों का 3.01 प्रतिशत हिस्सा ईयू और यूएस के हिस्से से बहुत कम है और यह उन अन्य देशों के हिस्से से भी कम है जो जांच का विषय नहीं है। इसलिए पाटनरोधी करार के अनुच्छेद-5.8 के अनुसार प्राधिकारी को यह जांच तुरंत समाप्त कर देनी चाहिए।

iii. चीन जन.गण से आयात कुल आयातों का लगभग 4 प्रतिशत है और यह कोरिया के हिस्से से अधिक है परंतु इसपर सम्बद्ध देश के रुप में विचार नहीं किया गया है।

iv. प्रतिवादियों द्वारा उस अवधि के दौरान कोई निर्यात नहीं किया गया था जिसके लिए घरेलू उद्योग यह मानता है कि उसे क्षति हुई है। जांच की अवधि का उत्तरवर्ती स्वयंमेव विस्तारीकरण के कारण प्रतिवादियों के निर्यातों को शामिल किया गया है।

v. निर्दिष्ट प्राधिकारी को उन बदली हुई परिस्थितियों की जांच और उनका औचित्य परख लेना चाहिए जिनकी बजह से पाटनरोधी शुल्क का पुन:अधिरोपण करना अपेक्षित हुआ, जिनके प्रभाव के कारण घरेलू कीमतों और आयात कीमतों में कृत्रिम रुप से उच्च स्तर तक वृद्धि हुई।

vi. जांच की अवधि के दौरान बाजार डायनामिक्स और कीमत निर्धारण में व्यापारियों के कारण विकृति नहीं आ सकती है। आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकड़ों में अंतिम प्रयोक्ताओं द्वारा प्रदान कराये गये आंकड़ों के बजाय व्यापारियों द्वारा प्रदान कराये गये आंकड़ों को शामिल किया गया है और इसलिए इन आंकड़ों की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिह्न लगा हुआ है।

vii. आवेदक ने क्लोरोफार्म के लिए एक संयंत्र स्थापित किया गया है जिसका उपयोग मुख्यत: रेफ्रिजरेशन गैसों और पीटीएफई का उत्पादन करने की गतिविधियों के लिए किया जाता है। एमडीसी और कार्बन ट्रेटाक्लोराइड का उत्पादन क्लोरोफार्म के साथ संयुक्त रुप से किया जाता है। संयुक्त उत्पाद लागत का आबंटन करने के लिए क्रियापद्धति का अनुकरण नहीं किया गया है।

viii. सम्बद्ध वस्तु के आयात का आवेदनकर्ता घरेलू उत्पादकों को क्षति के साथ कोई सकारात्मक संबंध नहीं है और इसके परिणामस्वरुप आवेदनकर्ता घरेलू उत्पादकों को क्षति का कारण सम्बद्ध वस्तु का आयात न होकर कोई अन्य कारक होगा।

ix. अंगीकृत विनिमय दर के आधार पर अवसारित कीमत की तुलना इस समय परिचलित विनिमय दर से करने पर परिकलन में भारी अंतर आता है। शुल्क दर का निर्धारण यूएस डालर में करने से क्षति मार्जिन में भारी वृद्धि हुई है।

x. घरेलू उद्योग आयात कीमतों को नियंत्रित करता है। आवेदनकर्ताओं ने कीमतें 26 रुपये से बढ़ाकर 46 रुपये कर दी जिनसे निर्यातकों को अपनी कीमतें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा और इससे जीवन रक्षक दवाईयों की कीमतों में अवरोध उत्पन्न हुआ।

xi. घरेलू उद्योग द्वारा किये गये दावे जैसे तीन संयुक्त उत्पादों का उत्पादन करने के लिए सामान्य कच्चा माल मेथनाल और क्लोराइड है तथा उनकी दरें उसी स्तर पर बनी रही जो वे वर्ष 2009-10 में थी, गलत है। इसके अतिरिक्त उन्हें अपने कास्टिक सोडा संयंत्र से क्लोरीन सह-उत्पाद के रुप में मुफ्त में उपलब्ध होती है।

xii. प्रकटन के पश्चात, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने जांच प्रक्रिया में पहले अभिव्यक्त किए गए विचारों को ही दोहराया है। आयातकों, प्रयोक्ताओं और निर्यातकों द्वारा निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए गए है।

xiii. वर्ष 2003 में मिथायलीन क्लोराइड पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क असंगत एवं इस सम्मिलित प्रतिनिधित्व को संधारणीय न होने के कारण वर्ष 2005 में वापस ले लिया गया। रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों से यह स्पष्ट है कि मिथायलीन क्लोराइड पर उद्ग्रहित पाटनरोधी शुल्क के लिए कोई औचित्य नहीं है और इसका आधार यह है कि यह एक सह-उत्पाद है और गैर-क्षतिकारी कीमत का गलत निर्धारण किया गया। नम्रतापूर्वक यह प्रस्तुत किया जाता है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी को उन तथ्यों तथा विधियों का परिवतर्तित परिस्थितियों में सत्यापन करना चाहिए एवं उनका औचित्य निर्धारित करना चाहिए जिसके कारण मिथायलीन क्लोराइड पाटनरोधी शुल्क पुन: अधिरोपित करना आवश्यक हो गया।

xiv. प्रकटन विवरण तथा प्रारंभिक रिपोर्ट का गहन अध्ययन यह दर्शाता है कि सभी तीन उत्पादों को संयुक्त उत्पाद के रुप में मानकर कीमत निर्धारण करने का कोई उल्लेख नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि मिथायलीन क्लोराइड के लिए घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान कराए गए आंकड़ों को सामान्य उत्पादों के लिए संगत लागत की विस्तृत जांच किए बिना ही अपना लिया है जबकि ऐसा किया जाना चाहिए। आबंटन के युक्तिसंगत आधार पर समुचित ढंग से गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण, जैसा कि संयुक्त उत्पाद की लागत का निर्धारण करने के लिए किया जाता है, प्रकटन रिपोर्ट तथा प्रारंभिक जांच परिणाम दोनों में ही नहीं किया गया है क्योंकि अपनाए गए आधार का उल्लेख नहीं किया गया है इसके अतिरिक्त, जब तक लागत निर्धारण की सुस्थापित प्रकियाओं के आधार पर उचित एवं उद्देश्यपरक गैर क्षतिकारी कीमत की संगणना नहीं की जाती है तब तक पाटनरोधी शुल्क को लगाने का उद्देश्य घरेलू उद्योग को अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाना और मिथायलीन क्लोराइड के उपभोक्ताओं पर अनावश्यक बोझ डालना होगा।

xv. संयुक्त लागत, जैसा कि स्पष्ट है कि उत्पादन प्रक्रिया की वह लागत होती है जो विविध उत्पादों का उत्पादन (वर्तमान मामले में तीन) एक साथ करता है। बिन्दु का विखंडन या पृथक्करण का बिन्दु संयुक्त उत्पादन प्रक्रिया में वह स्थान होता है जहां दो या अधिक उत्पाद अलग से अभिज्ञेय होते हैं। लागत सामग्री उपयोगी वस्तुओं और सेवाओं, विनिर्माण उपरिशीर्षों आदि से संबंधित समस्त लागत होती है। प्रत्येक उत्पाद पर इस विखंडन बिन्दु या पृथक्करण बिन्दु से परे व्यय की गई लागत उनहीं उत्पादों को अभिहस्तांकित की जा सकती हैं जिनके लिए उन्हें खर्च किया गया है। लागत निर्धारण क्रियापद्धतियों के अंतर्गत प्रावधान किए गए किसी भी अधिगम को नहीं अपनाया गया है और इस कारण प्रारंभिक जांच परिणाम में गैर क्षतिकारी कीमत के संबंध में किया गया निष्कर्ष पूर्णतया गैर-न्यायोचित है। घरेलू उद्योग अपनी लागत का भार बढ़ाना चाहता है जो किसी भी परिस्थिति में विचाराधीन नहीं है।

xvi. दिनांक 21 अक्तूबर, 2013 की अधिसूचना के तहत शुल्क का अधिरोपण करने से घरेलू उद्योग ने मिथायलीन क्लोराइड (''कथित पदार्थ'') की कीमतें अधिसूचना के पश्चात बढ़ा दीं। उक्त अधिसूचना से पहले 26 रुपये प्रति किग्रा. थी जिन्हें बढ़ाकर उस तारीख को 46 रुपये प्रति किग्रा कर दिया गया, जिसके कारण बाजार में एकाधिकार स्थापित हुआ। उक्त अधिसूचना जारी होने के साथ ही निर्यातकों को अपनी कीमतें घरेलू उद्योग की कीमतों के अनुरुप बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा और इसे जीवन रक्षक दवाईयों के कीमतें अवरुद्ध हो गयी तथा घरेलू उपभोक्ताओं को नुकसान हुआ।

xvii. राज्य चालित गुजरात अलकलाय एवं कैमिकल्स लिमिटेड सहित दोनों उत्पादकों ने किसी क्षति का दावा नहीं किया और न ही उन्होंने सरकार का आश्रय लिया। जहां तक घरेलू उद्योग का संबंध है, क्लोरिन कास्टिक सोडा संयंत्र के उनके सह उत्पाद के रुप में स्वतंत्र रुप से उपलब्ध है। क्लोरिन की दर अन्यथा भी तीन से चार रुपये प्रति किग्रा है। प्रारंभिक जांच परिणाम तथा प्रकटन रिपोर्ट दोनों में इसका जिक्र नहीं किया गया है। जब ड्रम्स और लूज मिथायलीन क्लोराइड का सामान्य रुप से विपणन किया जाता है तो प्राधिकारी द्वारा घरेलू उद्योग की पहल पर इस विभेद को समाप्त कर दिया जाना चाहिए था और दोनों की गैर क्षतिकारी कीमत युक्ति संगत आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए थी।

xviii. वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस) से इकट्ठे किये गये आयात आंकड़े प्रयोग किए गए है परंतु उनका उन आंकड़ों से प्रति सत्यापन नहीं किया गया है जो विभिन्न पत्तनों से संग्रहित इंटरनेशनल बिजनेश सर्विस आर्गनाइजेशन के पास सामान्य रूप से उपलब्ध है।

xix. लूज मिथायलीन क्लोराइड तथा ड्रमों में मिथायलीन क्लोराइड की कीमतों का औसत करना पूरी तरह से गलत एवं अनुश्चित है।

xx. पैरा 21 (i) से पैरा 21(xv) में प्राधिकारी के इस निर्धारण के संबंध में कि घरेलू उद्योग की क्षमताओं में किया गया मात्रात्मक सुधार वह कारक नहीं है जिसपर विचार किया जाना चाहिए और यह कि घरेलू उद्योग को मिथायलीन क्लोराइड के इन आयातों के कारण लाभ, निवेश पर अर्जन तथा नकदी प्रवाह में गिरावट आयी है और उसे व्यापक क्षति हुई है, गलत है। प्राधिकारी ने पुन: यह व्यक्त किया कि यह तथ्य कि घरेलू उद्योग रेफ्रिजरेशन गैसों और पीटीएफई का उत्पादन करता है जिसके निष्पादन में गिरावट आयी है जिसके कारण घरेलू उद्योग को क्षति हुई है न कि मिथायलीन क्लोराइड के आयातों के कारण और घरेलू उद्योग को इस तरह कारित क्षति प्राधिकारी का केवल पूर्वाग्रही विचार है।

xxi. रिपोर्ट का गहन अध्ययन दर्शाता है कि सभी तीनों उत्पादों को संयुक्त उत्पाद के रुप में मानते हुए कीमत निर्धारण किये जाने का कोई उल्लेख नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि घरेलू उद्योग द्वारा मिथायलीन क्लोराइड के लिए दिये गये आंकड़े बिना किसी विस्तृत जांच के अपनाये गए है।

xxii. कीमत निर्धारण क्रियापद्धति के अंतर्गत प्रावधान किये गये किसी भी अधिगम को नहीं अपनाया गया है और इस कारण गैर क्षतिकारी कीमत का निर्धारण गलत है।

xxiii. आवेदनकर्ताओं ने क्लोरोफार्म के लिए एक संयंत्र स्थापित किया है जिसका प्रयोग रेफ्रिजरेशन गैसों और पीटीएफई का उत्पादन करने के उनके मुख्य क्रियाकलाप के रुप में किया जाता है। इस उत्पाद का उत्पादन अकेले आधार पर नहीं किया जा सकता है परंतु इस उत्पाद के साथ संयुक्त उत्पाद मिथाइलीन क्लोराइड और कार्बन टेट्रा क्लोराइड का उत्पादन किया जाता है। इसलिए समुचितता सुनिश्चित करने का अतिरिक्त बोझ प्राधिकारी पर लाद दिया गया है।

xxiv. यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य नहीं है कि निर्यातक भारत में मिथायलीन क्लोराइड की बिक्री उस निर्यातक के घरेलू बाजार में प्रचलित कीमत से कम कीमतों पर कर रहे है। इस अंतर के लिए क्रय शक्ति अंतर तथा लागत निर्धारण के अन्य तत्वों को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए।

xxv. इस मामले में घरेलू विनिर्माताओं को मात्रा क्षति तो बिल्कुल हो ही नहीं रही है और साक्ष्यों से यह सिद्ध भी होता है। नम्रता पूर्वक यह प्रस्तुत किया जाता है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी यह समझने में असफल रहे है कि

रिकार्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो भारतीय बाजार में समान वस्तु की कीमतों पर कथित पाटित आयातों के प्रभाव को स्पष्ट करती हो जैसा कि उत्पादन में गिरावट, बिक्री क्षति, बाजार हिस्से को नुकसान, कम लाभ, उत्पादकता में गिरावट, क्षमता उपयोग में गिरावट, निवेश पर कम अर्जन और कीमत प्रभाव के रुप में दर्शाया गया है। प्राधिकारी से अनुरोध है कि वह पहले से उपलब्ध साक्ष्यों तथा उनके समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों का पुन: मूल्यांकन करें जिससे कि आवेदनकर्ताओं के आर्थिक पैरामीटरों के रुप में क्षति का निर्धारण किया जा सके जैसे कि बिक्री, उत्पादन, लाभ, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर अर्जन, क्षमता उपयोग, रोजगार और पूंजीकरण में गिरावट । यह उम्मीद की जाती है कि अधिकांश तत्व यह इंगित करेगी कि कोई गिरावट हुई ही नहीं।

xxvi. मिथायलीन क्लोराइड का प्रमुख प्रयोग एपीआई विनिर्माताओं द्वारा साल्वेंट के रुप में किया जाता है और इसका उनपर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। एपीआई का प्रयोग फार्मूलेशनों के लिए किया जाता है और यह उनकी लागत का 50 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक होता है। भेषज (कीमत नियंत्रण) आदेश, 2013 के जरिए कीमत नियंत्रण की स्थिति में एपीआई के उत्पादक और फार्मूलेशनों का प्रयोग करने वाले दोनों ही प्रभावित होंगे क्योंकि इन संविन्यासों के उत्पादक उनके संविन्यासों की उत्पादन लागत में हुई वृद्धि को सहन नहीं कर पायेंगे।

xxvii. यह प्रस्तुत किया गया कि आक्जो नोबेल ने वर्ष 2012 के पहले छह महीनों के दौरान जब घरेलू उद्योग द्वारा पहला आवेदन किया गया था, कोई पाटन नहीं किया है। यह भी प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक घरेलू उत्पादकों के पास निर्यात कीमत का निर्धारण करने और उसके परिणाम स्वरुप पाटन का निर्धारण के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं है जिसपर वर्तमान जांच प्रारंभ करने के लिए विचार किया जा सकता है। उन्होंने विशेष रुप से यह उल्लेख किया है कि समुद्री भाड़ा और कमीशन के लिए समायोजन घरेलू उद्योग द्वारा अनुचित ढंग से प्रदान कराया गया है और उसे डीजीएडी द्वारा स्वीकार भी किया गया है। उन्होंने सम्बद्ध वस्तु के लिए क्षमता का गलत निर्धारण करने से संबंधित मुद्दें पर भी प्रकाश डाला है। जिसके परिणाम स्वरुप घरेलू उद्योग की गैर क्षतिकारी कीमत में वृद्धि हुई। उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग को कोई मात्रा क्षति नहीं हुई और घरेलू उद्योग द्वारा बढ़ी हुई लागत तथा क्षति के संबंध में दी गई रिपोर्ट की डीजीएडी द्वारा जांच नहीं की गई है। उन्होंने निर्दिष्ट प्राधिकारी से यह जांच करने का अनुरोध किया कि क्या पाटित आयातों की मात्रा में भारत में उत्पादन एवं खपत के संगत रुप से या समग्र रुप से वृद्धि हुई है।

<u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

21. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये प्रस्तुतिकरण का प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित विश्लेषण किया गया है:-

क. कोरिया आरपी और चीन जन.गण के आयातों के हिस्से के संबंध में दिये गये तर्क के संबंध में यह नोट किया जाता है कि पाटनरोधी नियमावली में यह अपेक्षा की जाती है कि सम्बद्ध देश से आयात नगण्य मात्रा से अधिक होनी चाहिए। यह नोट किया जाता है कि कोरिया आरपी से आयातों की मात्रा नगण्य मात्रा (3.57 प्रतिशत) से अधिक है और इसलिए इस कारण से यह जांच समाप्त कर देना अपेक्षित नहीं है। जहां तक चीन जन.गण का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि चीन जन.गण से आयात बहुत अधिक थे।

ख. इस तर्क के संबंध में कि मैसर्स आक्जो से क्षति नहीं हुई क्योंकि इसने जनवरी से जून, 2012 तक कोई निर्यात नहीं किया। यह वह अवधि है जिसके लिए पहला आवेदन पत्र दायर किया गया था, प्राधिकारी नोट करते है कि इस मामले में जांच अवधि जनवरी, 2012 से दिसम्बर, 2012 है। प्रारंभिक अवधि जिसके लिए याचिका दायर की गई थी वास्तविक नहीं है। इसके अतिरिक्त प्राधिकारी को किसी विशिष्ट उत्पादक अथवा किसी देश के निर्यातक से क्षति सिद्ध करना अपेक्षित नहीं होता है। वास्तव में वर्तमान मामले में चूंकि क्षति का संचयी आकलन करने की परिस्थितियां मौजूद है इसलिए प्राधिकारी को घरेलू उद्योग को क्षति का आकलन संबंध देशों से संचयी आयातों पर विचार करते हुए किया जाना अपेक्षित है। यह जांच की गई है कि क्या सम्बद्ध देशों से निर्यातकों ने विचारित जांच की अवधि में सम्बद्ध वस्तु का पाटन किया है और क्या उस संबंधित उत्पाद के पाटन से घरेलू उद्योग को क्षति हुई है।

ग. इस तर्क के संबंध में कि प्राधिकारी को उन बदलती हुई परिस्थितियों का सत्यापन और उनका औचित्य निर्धारित कर लेना चाहिए जिनकी बजह से पाटनरोधी शुल्क पुन: अधिरोपित करना आवश्यक हो गया, प्राधिकारी यह नोट करते है कि नवीन जांच में बदली हुई परिस्थितियों का विश्लेषण करना अपेक्षित नहीं होता है।

घ. इस तर्क के संबंध में कि आयातों में व्यापारियों द्वारा किये गये वे आयात भी शामिल है जिनकी बजह से कीमत निर्धारण में विकृति हो सकती है, प्राधिकारी यह नोट करते है कि संपूर्ण क्षति अवधि में व्यापारियों के साथ-साथ उपभोक्ताओं द्वारा भी आयात किये जाते रहे है और अत: निष्पादन में गिरावट केवल बाजार में व्यापारियों द्वारा की गई बिक्री के कारण ही नहीं हो सकती है। किसी भी हाल में संभव नहीं है कि कीमत निर्धारण में विकृति व्यापारियों द्वारा बाजार में की गई बिक्री के कारण आयी हो। यह भी नोट किया जाता है कि इस जांच में संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान सम्बद्ध वस्तु के किये गये सभी आयातो पर विचार किया गया है। इस प्रकार प्राधिकारी ने जिन आयातों पर विचार किया है उनमें उपभोक्ताओं द्वारा किये गये आयात भी शामिल है। यह भी नोट किया जाता है कि यह आयात चाहे व्यापारियों द्वारा किये गये हो या उपभोक्ताओं द्वारा, परंतु यह आयात पाटित कीमतें पर किये गये है।

ड. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने क्लोरोफार्म के लिए एक संयंत्र की स्थापना की है जिसका प्रयोग मुख्यत: रेफ्रिजरेशन गैसों और पीटीएफई का उत्पादन करने के लिए किया जाता है, प्राधिकारी नोट करते है कि घरेलू उद्योग ने संयंत्र का विस्तारीकरण करने के लिए जीएफएल की परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की है जो यह दर्शाती है कि अच्छी बाजार और एमडीसी के लिए मांग प्राप्त करने के पश्चात इसने एमडीसी और क्लोरोफार्म का उत्पादन करने के लिए एक संयंत्र की स्थापना की है। इसके अतिरिक्त पाटनरोधी जांच एक उत्पाद विशिष्ट जांच होती है। जहां तक लागत का निर्धारण करने का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि वर्तमान प्रयोजनों के लिए निर्धारित की गई और अपनाई गई उत्पादन लागत कंपनी द्वारा रखे गये लागत रिकार्ड तथा घरेलू उद्योग की लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट के अनुरुप है।

च. संबंधित कारणात्मक संबंध का निर्धारण करने के संबंध में यह नोट किया जाता है कि उसका इस जांच परिणाम में समुचित शीर्षकों के अंतर्गत विधिवत विश्लेषण किया गया है।

छ. विनिमय दर के कारण अवसारित मूल्य में अंतर के तर्क के संबंध में प्राधिकारी नोट करते है कि क्षति मार्जिन का निर्धारण जांच की अवधि के दौरान आयातों के अवसारित मूल्य की तुलना गैर क्षतिकारी कीमतों के साथ करके किया जाना अपेक्षित होता है। आयातों की अवसारित कीमत का निर्धारण जांच की अवधि के दौरान सीआईएफ आयात कीमतों पर विचार करके किया जाना अपेक्षित होता है। इसलिए इस प्रयोजनार्थ वर्तमान विनिमय दर वास्तविक नहीं है।

ज. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग आयात कीमतों को नियंत्रित करता है, इस मामले की जांच की गई है और यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने अपनी कीमतों में कमी उत्पादन लागत से काफी कम स्तर तक की है। इसके अतिरिक्त आंकड़ों से यह प्रदर्शित होता है कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु की आयात कीमतों में भारी गिरावट की गई है और इसके परिणामस्वरुप घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में भी भारी गिरावट आयी है।

झ. इस उत्पाद का उत्पादन करने और उसका मूल्यांकन करने के लिए अपेक्षित कच्चे माल के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिये गये तर्क के संबंध में यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने सत्यापित सूचना पर भरोसा किया है और घरेलू उद्योग द्वारा किये गये लागत लाभों की उपयुक्तता के संबंध में स्वयं संतुष्टि की है। इस तर्क के लिए कोई आधार नही है कि घरेलू उद्योग को क्लोरीन मुफ्त में उपलब्ध होती है। प्राधिकारी ने खरीदे गये और ग्राही कच्चे माल का मूल्यांकन कंपनी के रिकार्डों में अभिलक्षित खपत भारित औसत कीमत के आधार पर विचार करते हुए किया है।

ञ. इस तर्क के संबंध में कि डीजीसीआईएंडएस आंकड़ों का प्रति-सत्यापन आईबीआईएस आंकड़ों से नहीं किया गया है, प्राधिकारी यह नोट करते है कि डीजीसीआईएंडएस आंकड़ें भारत सरकार के आकड़े है और प्राधिकारी डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त आंकड़ों पर तब तक भरोसा करते है जब तक कि तथ्यों से यह स्थापित न हो जाता हो कि इन आंकड़ों में कुछ त्रुटि है। हितबद्ध पक्षकार डीजीसीआईएंडएस आंकड़ों में त्रुटि सिद्ध करने में असफल रहे है। इसके अतिरिक्त आईबीआईएस के अनुसार आयातों की जांच करने से आयात मात्रा और कीमत के संबंध में विभिन्न तथ्य वास्तविक रुप से सिद्ध नहीं हो पाती है। यह भी नोट किया जाता है कि ईयू से प्रतिवादी निर्यातक के संबंध में पाटन मार्जिन उस निर्यातक द्वारा दायर किये गये प्रश्नावली प्रत्युत्तर पर आधारित है। किसी भी मामले में यह सिद्ध नहीं हुआ है कि आईबीआईएस आंकड़ों पर भरोसा करने से वास्तव में अलग परिणाम निकलेगे।

ट. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि लूज और ड्रम्स की कीमत को इक्ट्ठा करके औसत कीमत निकाली गई है, प्राधिकारी नोट करते है कि एमडीसी का लूज और ड्रमों में किये गये आयात की पृथक तुलना की गई है। इसके पश्चात विचाराधीन उत्पाद के लिए भारित औसत पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन का निर्धारण नियमावली के अनुरुप किया गया है।

ठ. प्रकटन पश्चात विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाये गये मुद्दों के संबंध में, पाटन, क्षति, कारणात्मक संबंध के मुद्दे के संबंध में उसकी प्राधिकारी द्वारा इस जांच परिणाम में उपयुक्त शीर्षकों के अंतर्गत जांच की गई है।

<u>पाटन और पाटन मार्जिन की गणना</u>

<u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन</u>

<u>सामान्य मूल्य</u>

22. किसी वस्तु के संबंध में धारा 9क(1) (ग) के अंतर्गत सामान्य मूल्य का आशय:-

i. व्यापार के सामान्य अनुक्रम में समान वस्तु के लिए उस तुलनीय कीमत से होता है जब उसका आयात उप धारा (6) के अंतर्गत बने नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या भू-भाग में खपत के उद्देश्य से किया गया हो, या

ii. जब निर्यातक देश या भू-भाग की घरेलू बाजार में व्यापार के सामान्य अनुक्रम में समान वस्तु की बिक्री नहीं होती है अथवा निर्यातक देश या भू-भाग की घरेलू बाजार में विशिष्ट बाजार स्थिति या बिक्री की अल्प मात्रा के कारण यह बिक्रियां समुचित तुलना की अनुमति नहीं देती हैं तो सामान्य मूल्य या तो

क. समान वस्तु की वह प्रतिनिधिक तुलनीय कीमत होती है जब उसका निर्यात निर्यातक देश या भू-भाग या उपधारा (6) के अंतर्गत बने नियमों के अनुसार यथानिर्धारित किसी समुचित तृतीय देश से किया गया हो; या

ख. उद्गम के देश में उस वस्तु की प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत तथा उपधारा (6) के अंतर्गत बने नियमों के अनुसार यथा निर्धारित लाभ के लिए तर्कसंगत संवर्धन सहित उत्पादन लागत होती है;

23. प्राधिकारी ने सम्बद्ध देशों के ज्ञात निर्यातकों को प्रश्नावलियां यह सुझाव देते हुए प्रेषित की कि वे विहित स्वरुप और ढंग से सूचना प्रदान करे। तथापि ईयू के निम्नलिखित उत्पादकों और निर्यातकों को छोड़कर सम्बद्ध देशों के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने इस जांच में प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर करके सहयोग नहीं हुआ है। निम्नलिखित कंपनियों द्वारा प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर किया गया है:

- मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स बीवी, नीदरलैंडस
- आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स जीएमबीएच, जर्मनी

चूंकि उपर्युक्त कंपनियों ने प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर किया है इसलिए इन कंपनियों के संबंध में पाटन मार्जिन का निर्धारण प्रश्नावली प्रत्युत्तर के आधार पर किया गया है।

24. सम्बद्ध देशों में अन्य उत्पादकों/निर्यातकों से सहयोग के अभाव में प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य का निर्धारण करार के अनुच्छेद-6.8 के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 6 (8) में उल्लिखित शर्तों के अनुरुप उपलब्ध तथ्यों के आधार पर किया है।

25. तद्नुसार, प्राधिकारी ने सम्बद्ध देशों के उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण निम्नलिखित आधार पर किया है।

<u>मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स बीवी, नीदरलैंडस और मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स जीएमबीएच, जर्मनी के मामले में सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत</u>

26. यह प्रस्तुत किया गया है कि मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स बीवी, आक्जो नाबेल कैमिकल्स बीवी नीदरलैंडस की एक 100 प्रतिशत अनुषंगी कंपनी है । इसके अतिरिक्त, यह नोट किया जाता है कि मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स बीवी, ने मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स जीएमबीएच, जर्मनी के साथ विनिर्माण और बिक्री सेवा करार किया है। विनिर्माण और बिक्री सेवा करार में उल्लिखित शर्तों के अनुसार मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स बीवी, मिथाइलीन क्लोराइड विनिर्माण करने के लिए अपेक्षित कच्चे माल की

आपूर्ति मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स जीएमबीएच, जर्मनी (प्राकृतिक गैस और विद्युत को छोड़कर) को करता है। मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स जीएमबीएच मिथाइलीन क्लोराइड का निर्माण जर्मनी स्थित अपनी संयंत्र में आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स बीवी के लिए करता है। मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स जीएमबीएच द्वारा प्रदान की गई विनिर्माण सेवाओं के लिए उसे आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स बीवी से शुल्क प्राप्त होता है। प्रत्युत्तर से यह भी नोट किया जाता है कि भारत को निर्यातित उत्पाद और घरेलू बाजार में बेचा गया उत्पाद सभी तरह से एक समान है। निर्यातक ने ईयू की घरेलू बाजार में की गई बिक्री के आधार पर सामान्य मूल्य का दावा किया है।

27. यह भी नोट किया जाता है कि मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स जीएमबीएच आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स होल्डिंग, जीएमबीएच, जर्मनी की एक 100 प्रतिशत अनुषंगी कंपनी है। मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स जीएमबीएच, मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स बीवी के लिए मिथाइलीन क्लोराइड का निर्माण अपने जर्मनी स्थित संयंत्र में करता है। घरेलू बाजार में बिक्री और भारत को निर्यात निष्पादन मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स बीवी, नीदरलैंडस द्वारा किया जाता है। निर्यातक के प्रत्युत्तर से यह नोट किया जाता है कि मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स बीवी नीदरलैंडस ने जांच की अवधि के दौरान भारत को सम्बद्ध वस्तु का निर्यात (सभी मात्रा में) किया है। इस प्रत्युत्तर की जांच की गई थी और निर्यातक को एक त्रुटिपत्र जारी किया गया जिसमें उससे त्रुटि सुधार करने का अनुरोध किया गया। तथापि, प्रत्युत्तर की जांच करने के पश्चात उनका प्रत्युत्तर स्वीकार करना सही माना गया है। उनके प्रत्युत्तर के आधार पर यह नोट किया जाता है कि घरेलू बाजार में (समग्र रुप से ईयू भू-भाग के आधार पर) उनकी घरेलू बिक्री पर्याप्त मात्रा में होती है। निर्यातक प्रश्नावली के परिशिष्ट-1 में दी गई खेपवार घरेलू बिक्रियों की सूचना से यह नोट किया जाता है कि घरेलू बाजार में लाभ अर्जित करने वाली बिक्रियां मात्रा के रुप में 80 प्रतिशत से अधिक हैं। तदनुसार, सामान्य मूल्य का निर्धारण करने प्रयोजनार्थ संपूर्ण घरेलू बिक्रियों पर विचार किया गया है घरेलू बाजार में बिक्रियों के लिए निर्यातक द्वारा किये गये समायोजन दावे अर्थात अंतरदेशीय भाड़ा, क्रेडिट लागत और कमीशनों की प्रत्युत्तर के अनुरुप अनुमति दी गई है। इस तरह निर्धारित सामान्य मूल्य का उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

28. भारत को प्रत्युत्तरदाता निर्यातक से सम्बद्ध वस्तु की निर्यात कीमत के संबंध में यह नोट किया जाता है कि मैसर्स आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स बीवी, नीदरलैंडस ने सम्बद्ध वस्तु का भारत को निर्यात किया है और उसने इसकी सूचना निर्यातक प्रश्नावली प्रत्युत्तर के परिशिष्ट-2 में प्रदान की है। निर्यातक ने समुद्री भाड़ा, बीमा, कमीशन और क्रेडिट लागत के कारण समायोजन का दावा किया है जिसकी उसे अनुमति दे दी गई है। आक्जो नाबेल इंडस्ट्रियल कैमिकल्स बीवी, नीदरलैंडस के लिए यथानिर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

<u>ईयू के अन्य उत्पादाकों और निर्यातकों के मामलें में सामान्य मूल्य तथा निर्यात कीमत</u>

29. इस जांच में अन्य निर्यातकों द्वारा सहयोग न दिये जाने के मद्देनजर अन्य निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण ईयू के सहयोगकर्ता निर्यातकों की न्यूनतर निर्यात कीमत के आधार पर किया गया क्योंकि निर्यातक आकड़ों के अनुसार समायोजन के लिए अनुमति देने के पश्चात यह उपलब्ध सर्वोत्तम तथ्य थे। सहयोगकर्ता निर्यातकों के लिए भी उसके अनुरुप ही सामान्य मूल्य का निर्धारण किया गया है। इस तरह निर्धारित निर्यात कीमत की तुलना ईयू के अन्य सहयोगकर्ता उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्धारित सामान्य मूल्य से की गई। तदनुसार ईयू के अन्य सभी निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का परिकलन पाटन मार्जिन तालिका में किये गये उल्लेख के अनुसार किया गया है। पैक्ड या ड्रमों में निर्यातित सम्बद्ध वस्तु के संबंध में ड्रम की लागत को सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण करने के लिए, उपलब्ध तथ्यों के अनुसार, जोड़ा गया है।

<u>यूएसए के सभी उत्पादकों/निर्यातकों के मामलें में सामान्य मूल्य</u>

30. यह नोट किया जाता है कि यूएसए के किसी भी निर्यातक ने प्रश्नावली प्रत्युत्तर देकर प्राधिकारी के साथ सहयोग नहीं किया है। याचिकाकर्ता ने ईयू और यूएसए में सामान्य मूल्य का ब्यौरा आईसीआईएस-एलओआर में प्रकाशित सम्बद्ध वस्तु की कीमत के आधार पर प्रदान कराया है। यह नोट किया जाता है कि आईसीआईएस-एलओआर विश्व का सबसे बड़ा पैट्रोरसायन बाजार सूचना प्रदायक है और इसे कीमत निर्धारण सूचना प्रदान कराने का 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है तथा यह कीमत निर्धारण आंकड़े, उच्च मूल्य समाचार, विश्लेषण तथा स्वतंत्र परामर्श प्रदान

करता है। निर्धारित स्वरुप और ढंग में सम्बद्ध निर्यातकों से (आक्जो नाबेल को छोड़कर) किसी प्रकार के प्रत्युत्तर के अभाव में प्राधिकारी ने यूएसए में सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार किया है। इस तरह निर्धारित सामान्य मूल्य का उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

कोरिया के सभी उत्पादकों/निर्यातकों के मामले में सामान्य मूल्य

31. यह नोट किया जाता है कि कोरिया के किसी भी निर्यातक ने प्रश्नावली प्रत्युत्तर देकर प्राधिकारी के साथ सहयोग नहीं किया है। याचिकाकर्ता ने ईयू और यूएसए में सामान्य मूल्य का विवरण आईसीआईएस-एलओआर में प्रकाशित सम्बद्ध वस्तु की कीमतों के आधार पर प्रदान कराया है। तथापि, याचिकाकर्ता ने कोरिया आरपी के लिए आईसीआईएस-एलओआर कीमत उपलब्ध नहीं कराई है। यद्यपि सैमसंग फाइन कैमिकल्स ने प्राधिकारी को प्रत्युत्तर दिया है तथापि कंपनी ने प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर नहीं किया है प्राधिकारी यह नोट करते है कि निर्धारित स्वरुप और ढंग में संबद्ध निर्यातकों से प्रत्युत्तर के अभाव में प्राधिकारी ने कोरिया आरपी के सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य का निर्माण प्रमुख नियमों के नियम 6 (8) के अनुसार अर्थात कच्चे माल की अंतर्राष्ट्रीय कीमत, सर्वोत्तम खपत मानदंड और तर्कसंगत लागत मार्जिन को ध्यान में रखते हुए किया है। इस तरह निर्धारित किये गये सामान्य मूल्य का उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

यूएसए और कोरिया के सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

32. यह नोट किया जाता है कि यूएसए कोरिया के किसी भी निर्यातक ने प्राधिकारी को प्रत्युत्तर नहीं दिया है। यह भी नोट किया जाता है कि याचिकाकर्ता ने निर्यात कीमत का निर्धारण भारत में विचाराधीन उत्पाद के आयातों के आधार पर डाटा प्रदाय एजेंसियों द्वारा प्रदान कराई गई रिपोर्ट के आधार पर किया गया है। निर्दिष्ट प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त सूचना पर विचार किया है और निर्यात कीमत का निर्धारण भारत में विचाराधीन उत्पाद के सभी आयातों पर विचार करते हुए किया है। रिकार्ड में उपलब्ध सूचना यह दर्शाती है कि लूज/अनपैक्ड और पैक्ड सामग्री की कीमत में भारी अंतर है और इसलिए इस उत्पाद के दोनों रुपों के लिए पृथक निर्यात कीमत का निर्धारण किया गया है। प्राधिकारी ने विचार किया है कि आयातित उत्पाद को जीआई ड्रमों में पैक किया गया था। यूएसए और कोरिया आरपी के निर्यातकों से असहयोग को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग द्वारा किये गये दावों के आधार पर कीमत समायोजन किया गया है। निवल निर्यात कीमत का निर्धारण फैक्ट्री बाह्य स्तर पर किया गया है।

पाटन मार्जिन

33. लूज/बल्क के रुप में और ड्रम्स में पैक संबंध वस्तु के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर ऊपर यथानिर्धारित विचार करते हुए सम्बद्ध वस्तु के लिए समग्र रुप से पाटन मार्जिन का निर्धारण निम्नवत किया गया है। यह देखा जाता है कि सम्बद्ध वस्तु के लिए पाटन मार्जिन न्यूनतम से अधिक तथा काफी है।

पाटन मार्जिन — इकाई अमरीकी डालर/किग्रा में

विवरण	इकाई	ईयू		यूएसए	कोरिया गणराज्य
		मैसर्स आक्जो नोबेल इंडस्ट्रियल केमिकल्स बीवी, नीदरलैंड्स	अन्य उत्पादक एवं निर्यातक	सभी उत्पादक एवं निर्यातक	सभी उत्पादक एवं निर्यातक
लूज/बल्क					
सामान्य मूल्य	अम.डा/किग्रा.	***	***	***	***

निवल निर्यात कीमत	अम.डा/किग्रा.	***	***	***	***
पाटन मार्जिन	अम.डा/किग्रा.	***	***	***	***
पाटन मार्जिन %	%	***	***	***	***
पाटन मार्जिन %	रेंज %	220-230%	250-260%	300-310%	60-70%
<u>पैक्ड/ड्रम</u>					
सामान्य मूल्य	अम.डा/किग्रा.	-	***	***	***
निवल निर्यात कीमत	अम.डा/किग्रा.	-	***	***	***
पाटन मार्जिन	अम.डा/किग्रा.	-	***	***	***
पाटन मार्जिन %	%		***	***	***
पाटन मार्जिन %	रेंज %		170-180%	190-200%	70-80%
<u>विचाराधीन</u> उत्पाद समग्र रुप से					
सामान्य मूल्य	अम.डा/किग्रा.	***	***	***	***
निवल निर्यात कीमत	अम.डा/किग्रा.	***	***	***	***
पाटन मार्जिन	अम.डा/किग्रा.	***	***	***	***
पाटन मार्जिन %	%	***	***	***	***
पाटन मार्जिन %	रेंज %	220-230%	230-240%	300-310%	60-70%

ड. **<u>क्षति निर्धारण</u>**

<u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

34. क्षति एवं कारणात्मक संबंधों के बारे में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण निम्नलिखित है:-

i. विचाराधीन उत्पाद के आयातों ने वर्षों से भारी वृद्धि प्रदर्शित की है जबकि जांच की अवधि के दौरान यह वृद्धि बहुत अधिक रही।

ii. भारत में उत्पादन और खपत के संबंध में आयातों में वृद्धि हुई है।

iii. मांग के सम्बद्ध देशों का बाजार हिस्सा बहुत अधिक बना रहा। घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में भी वृद्धि हुई। तथापि यह वृद्धि क्षमताओं में भारी वृद्धि के कारण हुई है।

iv. विदेशी उत्पादकों द्वारा या इन व्यापारियों द्वारा कीमतों में कमी के साथ भारतीय उत्पादकों या तो इन आयातों की कीमतों या व्यापारियों की पुनबिक्री कीमत में हुए परिवर्तन के साथ अपनी आयात कीमतों को उनके अनुरुप बनाना चाहिए था और यदि वे ऐसा नहीं करते तो याचिकाकर्ता अपने आर्डर खो देते।

v. घरेलू उद्योग की कीमतें व्यापार पत्रिकाओं में रिपोर्ट की गई कीमतों और व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत की जा रही कीमतों का मिलाजुला प्रभाव प्रदर्शित करती है।

vi. आयातित वस्तुएं असम्वेष्ठित तथा पैक्ड दोनों रुपों में घरेलू उद्योग की कीमतों का अधोरदन कर रही है। समग्र रुप से विचाराधीन उत्पाद के सम्बंध में भी कीमत अधोरदन बहुत अधिक है।

vii. घरेलू उद्योग को अपनी कीमतें अत्यधिक तेजी से एवं अक्सर कम करने के लिए मजबूर किया गया।

viii. घरेलू उद्योग वर्ष 2010-11 की अवधि में अच्छा क्षमता उपयोग प्राप्त करने में सक्षम थी परंतु इसमें उसके पश्चात गिरावट आई।

ix. घरेलू उद्योग की मालसूची में वर्ष 2010-11 में हल्की सी गिरावट आई परंतु उसके पश्चात संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान इसमें वृद्धि प्रदर्शित हुई।

x. घरेलू उद्योग के निष्पादन में लाभ, निवेश पर अर्जन और नकद लाभ के रुप में भारी हद तक तेजी से गिरावट आई।

xi. घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता में गिरावट आयात कीमतों में बिना किसी न्यायोचित से आई गिरावट के कारण हुई। इसके अतिरिक्त कीमतों में गिरावट और उसके परिणामस्वरुप लाभ में कमी होना अपरिणामी नही था। यह बहुत अधिक बहुत तेजी से और अचानक हुआ था।

xii. एक अग्रणी बाजार रिपोर्ट ने उल्लेख किया है कि यूरोपीय उत्पादकों ने यह सहमति व्यक्त की है कि कीमतों में गिरावट पत्रिका की आकलित से अधिक हो गई और भारत मिथाइलीन क्लोराइड का निर्यात करने के लिए सबसे कम कीमत वाला स्थान था।

xiii. जहां तक इस तर्क का सम्बंध है कि क्षति पीटीएफई का निष्पादन करने के कारण हुई, घरेलू उद्योग यह प्रस्तुत करता है कि यदि यह मान भी लिया जाए कि पीटीएफई बिक्री मात्रा में इस अवधि के दौरान नुकसान हुआ तो भी ऐसा क्लोरोफार्म के उत्पादन में और उसके परिणामस्वरुप एमडीसी के उत्पादन में कमी की बदतर स्थिति में ही हो सकता है। तथापि तथ्य यह है उक्त अवधि में एमडीसी और क्लोरोफार्म के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई।

xiv. जहां तक इस तर्क का सम्बंध है कि क्लोरोफार्म की मांग में गिरावट और उसके परिणाम स्वरुप एमडीसी की मांग में गिरावट के रुप में यह गिरावट बाजार में चक्रीय प्रभाव के कारण आई है, घरेलू उद्योग यह निवेदन करता है कि उक्त अवधि में क्लोरोफार्म की खपत में वृद्धि और उसके परिणामस्वरुप क्लोरोफार्म के उत्पादन में वृद्धि हुई। किसी भी मामले में क्लोरोफार्म की मांग में गिरावट का आशय यह होता कि क्लोरोफार्म के उत्पादन में कमी आती, और यदि एमडीसी तथा क्लोरोफार्म दोनों सह-उत्पाद है, तो एमडीसी के उत्पादन में भी गिरावट आती।

xv. जहां तक इस तर्क का सम्बंध है कि सम्बद्ध वस्तु के लिए गलत क्षमता पर विचार किया है और इस क्षमता पर निर्धारित लागत का आबंटन करने से गलत परिकलन हुआ, घरेलू उद्योग यह प्रस्तुत करता है कि लागत नियतन/अभिभाजन क्षमता के आधार पर नहीं किया गया है। अत:, विचारित क्षमता कुछ भी हो परंतु यह किसी भी मामले में एमडीसी पर प्रभारित व्ययों के नियतन/ अभिभाजन को निष्फल नहीं करती है। प्रति यूनिट उत्पादन की परिवर्तन लागत में वास्तव में इस अवधि के दौरान भारी गिरावट आई। इस प्रकार, घरेलू उद्योग द्वारा सहन की गई क्षति किसी भी हाल में, इस उत्पाद के लिए नियत उच्चतर व्यय के कारण नही हुई होगी।

xvi. जहां तक इस तर्क का सम्बंध है कि कोई मात्रा हानि नही हुई, घरेलू उद्योग यह प्रस्तुत करता है कि उत्पाद की आयात कीमत में तेजी से गिरावट आई है। जब तक घरेलू उद्योग आयात कीमतों से तुलनीय कीमतें प्रस्तुत कर रहा है तब तक घरेलू उद्योग अपनी उत्पादन मात्रा की बिक्री करने में सक्षम है। तथापि घरेलू उद्योग मांग की जरुरत के मुताबिक उत्पादन और बिक्री करने में सक्षम होते हुए भी घरेलू उद्योग द्वारा प्राप्त न्यून कीमत प्रापण इस उत्पाद का देश में पाटन का परिणाम है। यह कीमतें वस्तुत: उत्पादन लागत से कम थी इनके कारण लाभ, नकद लाभ और निवेश पर अर्जन में भारी गिरावट हुई है। घरेलू उद्योग को भारी वित्तीय घाटा हुआ।

xvii. जहां तक इस तर्क सम्बंध है कि जीएफएल ने कार्यकुशल प्रौद्योगिकी के कारण अपनी कीमतें कम की और क्षति कारित की, घरेलू उद्योग यह प्रस्तुत करता है कि इस तथ्य पर विचार करते हुए कि देश में विस्तारित क्षमता की तुलना में इस उत्पाद के लिए भारतीय मांग बहुत अधिक है, जीएफएल को कीमतों में कमी करने की कोई आवश्यकता नहीं है। यिद जीएफएल कीमतों में गिरावट के लिए उत्तरदायी है तो वर्ष 2013 में और खासकर पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने के पश्चात कीमतों में सुधार नहीं हुआ होता।

xviii. जहां तक इस तर्क का सम्बंध है कि उपभोक्ता उत्पादों का उत्पादन करने में तेलंगाना हड़ताल का विपरीत प्रभाव पड़ा है घरेलू उद्योग प्रस्तुत करता है कि सम्बंध वस्तु की मांग में हल्की सी गिरावट के लिए यह कारक उतरदायी हो

सकता है। तथापि घटी हुई मांग घरेलू उद्योग की क्षमता से अभी बहुत अधिक थी और इसलिए इस उत्पाद की खपत में गिरावट घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति के लिए एक उत्तरदायी कारक नहीं हो सकता है।

xix. जहां तक इस तर्क का सम्बंध है कि घरेलू उद्योग निर्यातकर्ताओं को अपने समान की बिक्री कम कीमतों पर करने के लिए मजबूर कर रहा है, घरेलू उद्योग यह प्रस्तुत करता है कि उपभोक्ताओं को कीमत में गिरावट देश में उत्पाद के पाटन के परिणाम स्वरुप हुई है। जहां तक याचिकाकर्ता द्वारा आयात कीमतों से तुलनीय कीमतें प्रस्तुत करने का संबंध है, याचिकाकर्ता अपने उत्पाद की मात्रा की बिक्री करने में सक्षम है।

<u>आयातकों/उपभोक्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

35. क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किये गये है:-

i. प्राधिकारी को याचिकाकर्ता का यह तर्क स्वीकार नहीं करना चाहिए कि उत्पादन, घरेलू बिक्रिया तथा मालसूची को क्षति का आकलन करने के प्रयोजनार्थ असंगत माना जाए। यह कारक सर्वाधिक संगत है और इसलिए इनकी सावधानीपूर्वक समीक्षा की जानी चाहिए।

ii. जांच की अवधि के दौरान उत्पादन घरेलू बिक्रियों, बाजार हिस्सा, रोजगार, वेतन और उत्पादकता सभी में वृद्धि हुई है इसलिए सारत: क्षति का मामला नहीं बनता है।

iii. जांच की अवधि के दौरान सभी मात्रात्मक पैरामीटरों में निष्पादन में सुधार हुआ है और तदनुसार मात्रा पैरामीटरों के आधार पर घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो सकती है।

iv. जहां तक लाभप्रदायकता का संबंध है, इस तथ्य की सावधानीपूर्वक जांच की जानी चाहिए कि क्या यह कथित क्षति पाटित आयातों के कारण हुई है या नहीं। क्षमताओं में विस्तार करना भी वित्तीय क्षति का कारण हो सकता है।

v. एमडीसी बाजार का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करना चाहिए क्योंकि लाभप्रदायकता में गिरावट एक वैश्विक घटना हो सकती है।

vi. अधिकांश सामान्य कच्चे माल की कीमतें क्षति अवधि और जांच अवधि के दौरान समान ही बनी रही। विदेशी मुद्रा अर्जन में पीटीएफई बाजार स्थितियों के कारण गिरावट आयी है। सभी सह उत्पादों का क्लोरोमिथेन से द्विशाखन नहीं है इसलिए इस क्षति के लिए मिथाइलीन क्लोराइड को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

vii. घरेलू उद्योग मूलत: रेफ्रिजरेशन गैसों और पीटीएफई का उत्पादन करता है परंतु इसके निष्पादन में गिरावट आयी है। इसकी जांच नहीं की गई है।

viii. मैसर्स एसआरएफ लिमिटेड पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने के अनुरोध का समर्थन करता है परंतु क्षति पैरामीटरों का निर्धारण करने के लिए सूचना प्रदान करने का इच्छुक नहीं है। एसआरएफ का एक नया संयंत्र और नई प्रौद्योगिकी है और इसलिए इसकी उत्पादन लागत कम है जिससे इसकी बिक्री कीमत कम है और वह दूसरो को अपनी कीमत कम करने के लिए एक कारण है।

ix. मैसर्स गुजरात अलकलीज एवं केमिकल्स लिमिटेड, एक अन्य घरेलू उत्पादक, एक केन्द्रीय सरकार का उपक्रम है जिसने इस संपूर्ण जांच में अपनी उदासीनता प्रदर्शित की है इसलिए एक दृढ़ पूर्वा अवधारणा यह है कि उन्हें सम्बद्ध वस्तु के आयातो के कारण कोई क्षति नहीं हो रही है।

x. घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान कराये गये आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि आयातों में समग्र रुप से वृद्धि नहीं हुई है बल्कि इनमें वास्तव में गिरावट आयी है। आयातों में भारत में सम्बद्ध वस्तु की खपत अथवा उत्पादन के संबंध में वृद्धि नहीं हुई है।

xi. क्षमताओं के संबंध में सूचना को निम्नलिखित दो कारणों से अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए:- (i) घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों में तथ्यात्मक अयथार्थता (ii) उन क्षमताओं का अयथार्थ चिन्हाकन जिनका अन्य क्षति पैरामीटरों का विश्लेषण करने पर प्रभाव पड़ेगा। घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुत किया है कि विभिन्न प्राधिकारियों के समक्ष भिन्न क्षमता का प्रस्तुतिकरण किया गया है। एमडीसी के लिए अयथार्थ उच्चतर क्षमता के कारण एमडीसी को अवक्षयण लागत का उच्च नियतन किया गया है।

xii. एमडीसी की अयथार्थ उच्चतर क्षमताओं से एमडीसी को लागत मूल्यह्रास का उच्चतर आवंटन किया गया है और अन्य उत्पादों के लिए न्यूनतर नियतन किया गया है; प्रक्षेपित लागत जितनी उच्चतर होगी उतना ही अधिक नुकसान होगा और यह प्रदर्शित होगा तथा लगाई गई पूंजी पर आवक का अयथार्थ आवंटन होगा।

xiii. घरेलू उद्योग द्वारा अनुभव किया गया कीमत दवाब बाजार के चक्रीय प्रभावों के कारण हुआ है न कि सम्बद्ध वस्तु के आयातों के कारण।

xiv. घरेलू उद्योग ने जांच की अवधि के दौरान सभी मात्रात्मक पैरामीटरों में निष्पादन में सुधार होने की रिपोर्ट दी गई है और इसप्रकार मात्रा पैरामीटरों के कारण कोई क्षति नहीं हुई है।

xv. जीएफएल ने अपने कीमतें संवर्धित क्षमता का उपयोग करने के लिए कम कर दी है। जीएफएल को इस समस्या का निराकरण करने के लिए कुछ असाधारण लागत को लगाना चाहिए। घरेलू कीमत में इतनी अधिक गिरावट और लागत में वृद्धि यह दर्शाती है कि घरेलू उद्योग को क्षति जांच के दौरान कीमत निग्रहन और कीमत अवमंदन के कारण हुई है।

xvi. शुल्क दर को यूएस डालर में निर्धारित करने के परिणामस्वरुप क्षति मार्जिन में भारी वृद्धि हुई है। भारतीय रुपये का मूल्यह्रास होने के कारण क्षति मार्जिन परिवर्तित होकर 22.32/किग्रा. हो गयी अर्थात यह वास्तविक 15 प्रतिशत के मूल्य ह्रास से काफी अधिक है।

xvii. वर्ष 2011 ने एक नये राज्य का सृजन करने की तेलंगाना आंदोलन की मांग के परिणाम स्वरुप संपूर्ण आंध्रप्रदेश में, खासकर विद्युत का उत्पादन करने के संबंध में, समस्त व्यवसाय ठप हो गया। बिजली की यह भीषण कमी वर्ष 2012 के शुरुआती महीनों में भी लागू रही। इस अवधि के दौरान घरेलू उद्योग को होने वाली किसी भी क्षति के लिए बिजली की भारी कमी ही उत्तरदायी है और न कि यह क्षति सम्बद्ध वस्तु के आयातों के कारण हुई है।

xviii. भारत में घरेलू उद्योग ने अपनी कीमतें इस हद तक कम रखी कि कोई भी निर्यातक जो भारत को सम्बद्ध वस्तु का निर्यात करने का इच्छुक हो उसे अपने निर्यात कीमतें कम करनी ही पड़ती। चूंकि भारत फार्मास्युटिकल उद्योग का एक तेजी से उभरता हुआ केन्द्र है इसलिए कोई भी बड़ा फार्मा फीडर उद्योग भारत की अनदेखी नहीं कर सकता है। अत: घरेलू उद्योग द्वारा निर्धारित न्यूनतर कीमतों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए ईयू और यूएसए के उत्पादों ने अपने मार्जिन तथा भारत को अपने निर्यात में कमी करनी पड़ी।

xix. वित्त वर्ष 2012-13 में आवेदनकर्ताओं का प्रचालनात्मक राजस्व 2069 करोड़ रुपये से घटकर 1596 करोड़ रुपये हो गया जिससे इसमें 473 करोड़ रुपये की गिरावट आयी। इसी अवधि के दौरान विदेशी मुद्रा अर्जन 1460 करोड़ रुपये से घटकर 797 करोड़ रुपये हो गया इस प्रकार इसमें पीटीएफई बाजार दर्शाओं (क्लोरोफार्म आधारित) के कारण और न की सम्बद्ध वस्तु के कारण 623 करोड़ रुपये की गिरावट आयी है।

xx. बेशी क्षमता और उत्पादक तथा आपूर्ति जिनमें आंध्र प्रदेश में स्थित प्रमुख फार्मास्युटिकल कंपनियों द्वारा तेलंगाना मुद्दे के कारण राज्य व्यापी हड़ताल से अवरोध उत्पन्न हुआ और इसके परिणाम स्वरुप मांग में गिरावट आयी, इससे घरेलू उद्योग को अपना बेशी उत्पादन बिना लाभ के बेचने के लिए अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

xxi. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि सम्बद्ध देशों में कमजोर घरेलू मांग के कारण भारत में पाटन हुआ, हितबद्ध पक्षकार यह प्रस्तुत करते है कि कमजोर घरेलू मांग के कारण अन्य देशों के सस्ता आयात होना चाहिए था ना कि चुनिंदा रुप से एक देश अर्थात भारत के लिए।

xxii. घरेलू उद्योग ने संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान अपनी कीमतों को आयात कीमतों के अनुरुप नहीं बनाया। आयात कीमतों में तेजी से वृद्धि होने या उनमें कमी होने से घरेलू उद्योग को अपनी कीमतों में +/- 3 प्रतिशत तक परिवर्तन करना होता है। अत: जब निर्यातकों ने अपनी कीमतें बढ़ाने का प्रयास किया वही घरेलू उद्योग ने जानबूझ कर अपने कीमतें कम रखी और निर्यातकों को उत्तरवर्ती माह में अपनी कीमतें समरुप बनाने और अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर किया।

xxiii. मांग-आपूर्ति में अंतराल होने के बावजूद घरेलू उद्योग तथा अन्य घरेलू उत्पादकों का लगभग 64 प्रतिशत बाजार हिस्सा बना रहा जबकि सम्बद्ध आयात कुल भारतीय घरेलू उत्पादकों के हिस्से का केवल आधा था। तब यह संभव कैसे है कि छोटा उत्पादक बड़े उद्योग की कीमतों को नियंत्रित करेगा।

प्राधिकारी द्वारा जांच

36. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये विभिन्न प्रस्तुतिकरणों पर विचार किया तथा रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों तथा चालू विधियों पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति का निम्नलिखित विश्लेषण किया गया है। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये प्रस्तुतिकरणों पर संगत समझी गई सीमा तक विचार किया गया और उनकी निम्नवत तथा इस जांच परिणाम के संगत खंडों में जांच की गई है:-

i. इस तर्क के संबंध में कि मात्रा पैरामीटरों की सावधानीपूर्वक समीक्षा की जानी चाहिए और यह कि यह पैरामीटर सुधार प्रदर्शित करते है और इसलिए सारवान क्षति का मामला ही नहीं बनता है, प्राधिकारी यह नोट करते है कि यद्यपि घरेलू उद्योग के निष्पादन में उत्पादन, क्षमता उपयोग, घरेलू बिक्रियों, बाजार हिस्सा के रुप में सुधार हुआ है परंतु लाभ, नकदी प्रवाह, निवेश पर अर्जन और माल सूची के रूप में इसके निष्पादन में गिरावट आयी है। लाभ, निवेश पर अर्जन और नकदी प्रवाह में गिरावट बहुत अधिक और सारवान है।

ii. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि क्षमताओं में वृद्धि वित्तीय क्षति का कारण हो सकता है, प्राधिकारी यह नोट करते है कि कम कीमत वाले आयातों के कारण घरेलू उद्योग को क्षति हुई है। घरेलू उद्योग अपने उत्पाद की बिक्री केवल तभी कर सकती थी जब उसकी कीमतें आयात कीमतों से तुलनीय हो ।

iii. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि घरेलू उद्योग मूलत: रेफ्रिजरेशन गैसों और पीटीएफई का उत्पादन करता है जिसके निष्पादन में गिरावट आयी है, प्राधिकारी यह नोट करते है कि सम्बद्ध जांच मिथाइलीन क्लोराइड के आयातों से संबंधित है और घरेलू रूप से उत्पादित मिथाइलीन क्लोराइड को सम्बद्ध देशों से उसके पाटित आयातों को ध्यान में रखते हुए क्षति हुई है। अन्य उत्पाद इस जांच के दायरे से बाहर है। इसलिए पीटीएफई के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन महत्वहीन है।

iv. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि मैसर्स एसआरएफ लिमिटेड ने आंकड़े प्रस्तुत नहीं किये है और जीएससीएल ने इस जांच से उदासीनता प्रकट की है, जो यह दर्शाता है कि उन्हें क्षति नहीं हो रही है, प्राधिकारी यह नोट करते है कि (क) याचिकाकर्ता नियमावली के आशय के अंतर्गत घरेलू उद्योग हैं और (ख) घरेलू उद्योग को क्षति निर्धारण करना प्राधिकारी से अपेक्षित है। किसी भी मामले में हितबद्ध पक्षकारों ने कोई ऐसा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है जो यह स्पष्ट करता हो कि एसआरएफ या जीएसीएल को क्षति नहीं हुई है। पुन: यह नोट किया जाता है कि पाटनरोधी नियम प्राधिकारी से यह अपेक्षा करते है कि वह घरेलू उद्योग को क्षति का निर्धारण करें। नियम 2(ख) में प्रावधान है कि ऐसी स्थिति में जहां सभी उत्पादकों ने क्षति सूचना प्रदान नहीं की है वहां निर्दिष्ट प्राधिकारी यह विचार करेंगे कि क्या क्षति सूचना प्रदान कराने वाले घरेलू उत्पादकों का उत्पादन भारतीय उत्पादन में एक बड़ा हिस्सा बनता है या नहीं। याचिकाकर्ता कंपनियों का उत्पादन वर्तमान मामलें में एक बड़ा अनुपात है और इसलिए याचिकाकर्ता कंपनियां नियमावली के आशय के अंतर्गत घरेलू उद्योग हैं।

v. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि घरेलू उद्योग ने अपनी क्षमता को गलत चिन्हित किया है और उसने विभिन्न प्राधिकारियों के समक्ष विभिन्न संयंत्र क्षमताएं प्रस्तुत की है, प्राधिकारी यह नोट करते है कि प्राधिकारी द्वारा क्षति विश्लेषण में क्लोरोमिथेन क्षमता, उत्पादन और क्षमता उपयोग के संबंध में सूचना इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए दी गई कि तीनों उत्पाद समान से उत्पादित किये जाते है। इसके अतिरिक्त, लागत के तत्व क्षमताओं पर आधारित नहीं है। वे विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन से जुड़े पैरामीटरों पर आधारित है। घरेलू उद्योग के उत्पादन का सत्यापन रिकार्डों से किया गया है। इसलिए क्षमताओं में संभावित अंतर का घरेलू उद्योग की क्षति के जांच परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है ।

vi. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि लागत निर्धारण क्रियापद्धितयों के अंतर्गत प्रावधान किये गये अधिगमों का अनुसरण नहीं किया गया है, प्राधिकारी नोट करते है कि उत्पादन लागत का निर्धारण करने के लिए सुस्थापित क्रियापद्धति को अपनाया गया है जो वही है जिसका उल्लेख हितबद्ध पक्षकारों ने अपने उत्पादन मूल्य अनुपात में किया है।

vii. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि घरेलू उद्योग द्वारा कीमत दवाब बाजार के चक्रीय प्रभाव के कारण महसूस किया गया है, प्राधिकारी यह नोट करते है कि इस मामलें के तथ्य यह सिद्ध नहीं करते है कि विचाराधीन उत्पाद चक्रीय

प्रकृति का है। न ही हितबद्ध पक्षकारों ने यह सिद्ध किया है कि घरेलू उद्योग के निष्पादन में गिरावट बाजार के चक्रीय प्रभाव के कारण आयी है। इसके विपरीत, आंकड़े यह दर्शाते है कि घरेलू उद्योग के निष्पादन में वर्तमान जांच की अवधि में सारवान कमी आयी है जबकि पाटन के परिणाम स्वरुप आयात कीमतों में भारी गिरावट आयी।

viii. इस तर्क के संबंध में कि जीएफएल ने अपनी कीमतों में कमी कर दी है और उसके कारण ही क्षति हुई है, प्राधिकारी यह नोट करते है कि आयात कीमतों में भारी कमी आयी है और उससे ही घरेलू उद्योग द्वारा अपनी कीमतों में कमी की गई। प्राधिकारी यह भी नोट करते है कि इस उत्पाद की मांग भारतीय उत्पादकों की क्षमता से कही ज्यादा है। भारतीय उत्पादकों तथा ऐसी परिस्थितियों में घरेलू उद्योग के किसी भी संघटक के लिए यह जरुरी नहीं था कि वह इतनी अधिक कीमत को कम करने का आश्रय लेता। घरेलू उद्योग को विदेशी उत्पादकों द्वारा अपनी कीमतों में कमी कर देने के कारण ही घरेलू उद्योग को अपनी कीमत कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा ।

ix. पाटन रोधी शुल्क की मुद्रा के संबंध में प्राधिकारी यह नोट करते है कि अंतरिम पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश अमरीकी डालर में करने का निश्चय करना इस संबंध में प्राधिकारी की परंपरा के अनुरुप है।

x. इस तर्क के संबंध में कि तेलंगाना हड़ताल में कोयले के उत्पादन को प्रभावित किया जिससे उस राज्य के विद्युत केन्द्र प्रभावित हुए, यह नोट किया जाता है कि उक्त कारक उपभोक्ता उत्पादों के उत्पादन पर विपरीत प्रभाव डालने के लिए उत्तरदायी है और सम्बद्ध वस्तु की मांग में कुछ गिरावट के लिए उक्त कारक ही उत्तरदायी हो सकती है। तथापि उक्त कारक ने घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सम्बद्ध वस्तु के उत्पादन पर भारी प्रभाव नहीं डाला है। इसके अतिरिक्त सम्बद्ध वस्तु के लिए जांच अवधि में मांग घरेलू उद्योग की क्षमताओं और उत्पादन की तुलना में बहुत अधिक थी इसलिए उत्पाद की खपत में परिवर्तन घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाने के लिए एक उत्तरदायी कारक नहीं हो सकता है।

xi. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि घरेलू उद्योग ने अपनी कीमतें कम कर दी जिसके कारण निर्यातकों को कम कीमतों पर निर्यात करना पड़ा, यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग की आयात कीमत और बिक्री कीमत का मासिक उतार चढ़ाव दर्शाता है कि आयात कीमतों में कमी आना प्रारंभ हो गयी थी जिसके कारण घरेलू उद्योग को अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा घरेलू उद्योग को अपनी कीमतें कम करने के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि विदेशी उत्पादकों द्वारा कीमतों में कमी कर दी गई है।

xii. जहां तक वर्ष 2012-13 में प्रचालन राजस्व में गिरावट के लिए कारणों से सम्बंधित तर्क के संबंध में यह नोट किया जाता है कि विचाराधीन उत्पाद से संबंधित राजस्व और लाभ पर ही विचार किया गया है। अन्य उत्पादों अथवा विदेशी विनिमय में परिवर्तन के कारण अन्य उत्पादों को हुए लाभ या क्षति का कोई विशेष महत्व नहीं है।

xiii. इस तर्क के संबंध में कि इस उत्पाद की कम मांग आंध्र प्रदेश में तेलंगाना मुद्दे के कारण हुई जिसके कारण घरेलू उद्योग को अपने वेशी उत्पादन की बिक्री बहुत कम कीमतों पर करने के लिए मजबूर होना पड़ा, यह नोट किया जाता है कि इस विचाराधीन उत्पाद के लिए कम हुई मांग भारतीय उद्योग की क्षमता और उसके उत्पादन से कहीं अधिक ज्यादा है। इसके अतिरिक्त, इस उत्पाद के आयातों में इतनी कम मांग होने के बावजूद भारी वृद्धि हुई अत: देश में विचाराधीन उत्पाद के पाटन से घरेलू उद्योग को अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

xiv. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने आयात कीमतों में वृद्धि या कमी के समरूप अपने कीमतों में परिवर्तन नहीं किया जबकि आयातों कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई या उनमें तेजी से गिरावट आयी, प्राधिकारी यह नोट करते है कि नियमों के अंतर्गत जो संगत है वह यह है कि क्या आयातों ने घरेलू उद्योग को अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर किया अथवा क्या आयातों के कारण बाजार में कीमतों का निग्रहण/अवमंदन हुआ।

xv. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि सम्बद्ध देशों में कमजोर घरेलू मांग के कारण सम्बद्ध देशों से तृतीय देशों को निर्यात किया गया और निर्यात बहुत कम कीमतों पर किया गया, प्राधिकारी यह नोट करते है कि समबद्ध देशों में विचाराधीन उत्पाद की घरेलू कीमतें और जांच की अवधि के दौरान भारत में उसकी निर्यात कीमतें ही पाटन मार्जिन का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ प्रासंगिक है।

xvi. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि भारतीय उत्पादकों का बाजार में 64 प्रतिशत हिस्सा है और आयातों का केवल 36 प्रतिशत हिस्सा है और इसलिए आयात घरेलू उद्योग की कीमतों को नियंत्रित नहीं कर सकते है, प्राधिकारी यह प्रेक्षा

करते है कि यह उत्पाद देश में मुक्त रूप से आयात करने योग्य है। वह कीमतें जिनपर देश में उक्त वस्तु का आयात किया गया है उनका उन कीमतों पर प्रत्यक्ष प्रभाव है जिन्हें घरेलू उद्योग बाजार में प्रस्तुत कर सकता है। बाजार में आयातों की भारी मात्रा को ध्यान में रखते हुए आयातों का उन कीमतों पर प्रभाव है जिनपर घरेलू उद्योग अपने उत्पाद की बिक्री कर सकता है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी द्वारा सत्यापित आकड़े यह स्पष्टत: दर्शाते है कि आयात कीमतों में भारी गिरावट आयी है और उसके परिणामस्वरुप ही जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की कीमतों में गिरावट आयी है जिससे यह संकेत मिलता है कि घरेलू उद्योग को देश में इस उत्पाद का पाटन होने के कारण अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा ।

37. अनुबंध-2 के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम-11 में यह प्रावधान है कि किसी क्षति निर्धारण में उन सभी कारकों की जांच अंतरग्रस्त होगी जो घरेलू उद्योग को क्षति प्रदर्शित करेंगे, ''..... सभी संगत तथ्यों पर ध्यान देते हुए जिनमें पाटित आयातों की मात्रा, घरेलू बाजार में सामान वस्तु के लिए कीमतों पर उनका प्रभाव और इन आयातों का समान वस्तु के घरेलू उत्पादकों पर परिणामी प्रभाव शामिल है.....''। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय यह जांच करना आवश्यक माना जाता है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत से तुलना करने पर पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत अधोरदन किया गया है अथवा इन आयातों का अन्यथा प्रभाव कीमतों को इतनी अधिक मात्रा में अवमंदित करना हैं या वे कीमतों को बढ़ने से रोक रहे है, जो अन्यथा भारी मात्रा में घटित हुई होती।

38. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध 2 में (क) पाटित आयातों की मात्रा तथा घरेलू बाजार में समान वस्तु के लिए कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव, और (ख) इन आयातों के समान वस्तु के घरेलू उत्पादकों पर परिणामी प्रभाव, दोनों की उद्देश्यपरक जांच किये जाने का प्रावधान है। पाटित आयातों के मात्रा प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी से यह अपेक्षा की जाती है कि वे जांच करे कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमतों की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत अधोरदन किया गया है या इन आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों को भारी मात्रा में कम करना अथवा उन्हें बढ़ने से रोकना है जो अन्यथा भारी मात्रा में हुआ होता।

39. जहां तक घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव का संबंध है पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-2 में यह उल्लेख किया गया है कि:-

''संबंधित घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में उन सभी प्रासंगिक आर्थिक कारकों और देशनांकों का मूल्यांकन करना शामिल होता है जिसका घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता हो जिसमें बिक्री, लाभ, आउटपुट, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर अर्जन अथवा क्षमता उपयोग; घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक पाटन के मार्जिन की मात्रा, नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, वेतन, विकास, पूंजीगत निवेश उगाहने की क्षमता शामिल होती है।''

40. भारत में घरेलू उद्योग पर आयातों की कीमतों की जांच करने के लिए प्राधिकारी ने ऐसे देशनांकों पर विचार किया है जिनका इस उद्योग की स्थिति जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, स्टाक, निवल, लाभ, निवल बिक्री प्रापण, पाटन की मात्रा और उसका विस्तार शामिल है पर प्रमुख नियमावली के अनुबंध-2(iv) के अनुसार विचार किया है।

<u>संचयी आकलन</u>

41. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-2(iii) में यह प्रावधान है कि यदि एक से अधिक देश से उत्पाद का आयात हो रहा है जिनके संबंध में पाटनरोधी जांच की जा रही है वहां निर्दिष्ट प्राधिकारी इन आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन करेंगे और यदि यह निश्चित हो जाता है कि:-

(क) प्रत्येक देश/भू-भाग से आयातों के संबंध में स्थापित पाटन का मार्जिन निर्यात कीमत के प्रतिशत के रुप में अभिव्यक्त दो प्रतिशत से अधिक है और प्रत्येक देश से आयात की मात्रा समान वस्तु के आयातों का तीन प्रतिशत है अथवा जहां कहीं इकलौते देश के निर्यात तीन प्रतिशत से कम है वहां आयातों में संचयी रुप से समान वस्तु के आयातों का सात प्रतिशत से अधिक होना चाहिए, और;

(ख) आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन आयातित वस्तु और उसके समान घरेलू वस्तु के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थिति के आलोक में आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन करना उचित होता है।

वर्तमान मामले में,

(क) प्रत्येक सम्बद्ध देश से पाटन का मार्जिन ऊपर निर्धारित सीमा से अधिक है;

(ख) ऐसे प्रत्येक देश से आयात की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक है;

(ग) आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन करना उपर्युक्त है क्योंकि सम्बद्ध देशों से किये गये निर्यात भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत समान वस्तु से सीधे प्रतिस्पर्धा कर रहे हो। यह नोट किया जाता है कि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान मामले में संचयी आकलन करने के लिए कोई प्रस्तुतिकरण नहीं किया गया है।

42. उपर्युक्त के आलोक में प्राधिकारी आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन करना ठीक समझते है।

<u>मांग एवं बाजार हिस्सा</u>

43. सम्बद्ध वस्तु की मांग/घरेलू खपत का आकलन करने के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा तथा अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री मात्रा को भारत में कुल आयातों से जोड़ा गया है जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है:

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
घरेलू उद्योग तथा समर्थनकर्ताओं की बिक्रियां	एमटी	51,345	58,050	75,200	89,305
अन्य उत्पादों की बिक्री	एमटी	19,024	19,134	19,712	19,037
सम्बद्ध देश-आयात	एमटी	42,033	55,847	60,975	51,952
अन्य देश-आयात	एमटी	13,787	10,111	23,469	5,866
कुल मांग/ खपत	एमटी	126,189	143,142	179,356	166,160

44. यह नोट किया जाता है कि मांग ने संपूर्ण क्षति अवधि से लेकर वर्ष 2011-12 तक सकारात्मक प्रवृत्ति प्रदर्शित की है परंतु उसमें जांच की अवधि में गिरावट आयी है। समग्र रूप से क्षति अवधि के दौरान सम्बद्ध वस्तु की मांग में बढ़ोतरी हुई है।

च. **पाटित आयातों का मात्रा प्रभाव**

<u>आयात मात्रा और बाजार हिस्सा</u>

45. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी को यह विचार करना अपेक्षित होता है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप से अथवा भारत में उत्पादन या खपत के संगत रूप से भारी वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी को डीजीसीआईएंडएस द्वारा प्रदान कराये गये आयात आंकड़ों पर भरोसा करना पड़ा है । सम्बद्ध देशों से सम्बद्ध वस्तु के आयातों की मात्रा का विश्लेषण निम्नवत किया गया है ।

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
सम्बद्ध देश	एमटी	42,033	55,847	60,975	51,952
ईयू	एमटी	31,878	32,762	42,418	38,002

यूएसए	एमटी	9,359	22,499	14,283	11,886
कोरिया गणराज्य	एमटी	796	586	4,274	2,064
अन्य देश	एमटी	13,787	10,111	23,469	5,866
कुल आयात मात्रा	एमटी	55,820	65,958	84,444	57,818
आयातों में बाजार हिस्सा					
सम्बद्ध देश	%	75.30	84.67	72.21	89.85
अन्य देश	%	24.70	15.33	27.79	10.15
मांग में बाजार हिस्सा					
सम्बद्ध देश	%	33.31	39.01	34.00	31.27
अन्य देश	%	10.93	7.06	13.09	3.53
घरेलू उद्योग तथा समर्थनकर्ता	%	40.69	40.55	41.93	53.75
अन्य भारतीय उत्पादक	%	15.08	13.37	10.99	11.46
भारतीय उद्योग समग्र रुप से	%	55.76	53.92	52.92	65.20
घरेलू उद्योग के उत्पादन के संबंध में कुल आयात	%	76.21	77.08	67.80	41.69

46. उपर्युक्त तालिका से यह नोट किया जाता है कि सम्बद्ध देशों से सम्बद्ध वस्तु के आयातों में आधार वर्ष से लेकर 2011-12 तक समग्र से वृद्धि हुई है परंतु जांच की अवधि के दौरान उसमें गिरावट आयी है। समग्र रूप से, सम्बद्ध वस्तु के आयात की मात्रा में आधार वर्ष से तुलना करने पर जांच की अवधि के दौरान मामूली सी बढ़ोतरी हुई है। इसके अतिरिक्त, भारत को होने वाले कुल आयातों में सम्बद्ध देशों के हिस्से में वृद्धि हुई है जबकि अन्य देशों के हिस्से में गिरावट आयी है। यह नोट किया जाता है कि एक घरेलू उत्पादक (जो मौजूदा घरेलू उद्योग का एक अंग है) ने अपनी क्षमताओं में भारी वृद्धि कर ली जिसके कारण भारी मात्रा में घरेलू उत्पाद की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके परिणाम स्वरुप विगत वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में सम्बद्ध के आयातों में कुछ गिरावट आयी है। इसके अतिरिक्त सम्बद्ध देशों से आयातों तथा सम्बद्ध वस्तु के कुल आयातों में भारत में खपत के सम्बद्ध में गिरावट आयी है जो घरेलू उद्योग द्वारा क्षमताओं में वृद्धि किये जाने का संकेतक है।

छ. <u>आयातों का कीमत प्रभाव</u>

47. पाटित आयातों का कीमतों पर प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी को यह विचार करना अपेक्षित होता है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमतों से तुलना करने पर पाटित आयात द्वारा भारी कीमत अधोरदन किया गया है अथवा क्या इन आयातों का प्रभाव भारी मात्रा में कीमतों का अवमंदन करता अथवा उन्हें बढ़ने से रोकता जो अन्यथा निश्चित रूप से भारी मात्रा हुआ होता। घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच कीमत अधोरदन, कीमत निग्रहण और कीमत अवमंदन, यदि कोई है, के संदर्भ में की गई है ।

अवधि के दौरान कीमतों का क्रमिक विकास

48. क्षति अवधि में सम्बद्ध देशों में उद्भवित आयातों की औसत सीआईएफ कीमत निम्नलिखित है:-

सम्बद्ध देश	आयात कीमत	अवसारित कीमत
	रुपये/किग्रा.	रुपये/किग्रा.
2009-10	23.04	25.05
2010-11	36.15	39.31
2011-12	36.30	39.46
जनवरी,12 -दिसमबर,12 (जांच की अवधि)	25.16	27.35

49. उपर्युक्त तालिका से यह स्पष्ट है कि सम्बद्ध वस्तु की सीआईएफ आयात कीमत जो वर्ष 2011-12 में 36.30 रुपये प्रति किग्रा. थी घटकर जांच की अवधि में 25.16 रुपये हो गयी, यद्यपि क्षति अवधि में आधार वर्ष से जांच की अवधि तक आयात कीमतों में मामूली सी वृद्धि हुई है।

कीमत अधोरदन

50. यह निर्धारित करने के उद्देश्य से कि क्या आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों का कीमत का अधोरदन कर रहे है, प्राधिकारी ने आयातों के अवसारित मूल्य की तुलना घरेलू उद्योग के निवल बिक्री प्रापण से की है।

विवरण	यूनिट	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
ईयू					
आयातों की अवसारित कीमत	रुपये/किग्रा.	26.46	39.80	38.39	27.98
निवल बिक्री प्रापण	रुपये/किग्रा.	***	***	***	***
कीमत अधोरदन	रुपये/किग्रा.	***	***	***	***
कीमत अधोरदन (%)	%	***	***	***	***
कीमत अधोरदन (%)	रेंज %	10-20	5-15	0-10	0-10
यूएसए					
आयातों की अवसारित कीमत	रुपये/किग्रा.	19.35	38.55	41.64	24.70
निवल बिक्री प्रापण	रुपये/किग्रा.	***	***	***	***
कीमत अधोरदन	रुपये/किग्रा.	***	***	***	***
कीमत अधोरदन (%)	%	***	***	***	***
कीमत अधोरदन (%)	रेंज %	35-45	10-20	ऋणात्मक	10-20

कोरिया आरपी					
आयातों की अवसारित कीमत	रुपये/किग्रा.	35.56	41.18	42.82	31.06
निवल बिक्री प्रापण	रुपये/किग्रा.	***	***	***	***
कीमत अधोरदन	रुपये/किग्रा.	***	***	***	***
कीमत अधोरदन (%)	%	***	***	***	***
कीमत अधोरदन (%)	रेंज %	ऋणात्मक	5-15	ऋणात्मक	ऋणात्मक
सम्बद्ध देश समग्र रूप से					
आयातों की अवसारित कीमत	रुपये/किग्रा.	25.05	39.31	39.46	27.35
निवल बिक्री प्रापण	रुपये/किग्रा.	***	***	***	***
कीमत अधोरदन	रुपये/किग्रा.	***	***	***	***
कीमत अधोरदन (%)	%	***	***	***	***
कीमत अधोरदन (%)	रेंज %	15-25	10-20	0-10	5-15

51. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि सम्बद्ध वस्तु की अवसारित कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम थी जो यह दर्शाती है कि कोरिया गणराज्य को छोड़कर अन्य सम्बद्ध देशों से पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत अधोरदन किया जा रहा है।

<u>कीमत अधोबिक्रयण</u>

52. प्राधिकारी ने सम्बद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग द्वारा सहन किये गये कीमत अधोबिक्रयण की जांच भी की है जो निम्नलिखित है:

देश/निर्यातक	इकाई	ईयू	यूएसए	कोरिया आरपी
गैर क्षतिकारी कीमत	रुपये/किग्रा.	***	***	***
अवसारित कीमत	रुपये/किग्रा.	***	***	***
कीमत अधोबिक्रयण	रुपये/किग्रा.	***	***	***
कीमत अधोबिक्रयण %	%	***	***	***
कीमत अधोबिक्रयण %	रेंज %	45-55	65-75	30-40

53. उपर्युक्त तालिका से यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग को सम्बद्ध देशों से सम्बद्ध वस्तु के आयातों के कारण जांच की अवधि के दौरान भारी कीमत अधोबिक्रयण सहन करना पड़ा है।

कीमत निग्रहण और अवमंदन

54. यह निर्धारित करने के उद्देश्य से की क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों को निग्रहित या अवमंदित कर रहे हैं और क्या इन आयातों का प्रभाव कीमतों का भारी मात्रा में निग्रहण करना है अथवा कीमतों को बढ़ने से रोकना है जो अन्यथा भारी मात्रा में घटित हुई होती, प्राधिकारी ने क्षति अवधि में लागत एवं कीमत में अंतर पर विचार किया है। प्राधिकारी ने इस विश्लेषण के लिए लूज और पैक्ड सामग्री की औसत कीमत पर विचार किया है। अधोलिखित तालिका तथ्यात्मक स्थिति दर्शाती है।

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
आयातों की अवसारित कीमत	रुपये/किग्रा.	25.05	39.31	39.46	27.35
बिक्री लागत	रुपये/किग्रा.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*अनुक्रमित*	*100*	*99*	*111*	*116*
बिक्री कीमत	रुपये/किग्रा.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*अनुक्रमित*	*100*	*139*	*125*	*90*

55. जांच की अवधि के दौरान सम्बद्ध वस्तु की घरेलू बाजार में बिक्री कीमत में गिरावट आयी है। अत: घरेलू उद्योग को कीमत निग्रहण सहन करना पड़ा।

56. उपर्युक्त तालिका से यह भी नोट किया जाता है कि क्षति अवधि में बिक्री लागत में वृद्धि हुई परंतु इसमें वर्ष 2010-11 में मामूली सी गिरावट आयी। बिक्री कीमत में वर्ष 2010-11 तक वृद्धि हुई परंतु इसमें उसके पश्चात गिरावट आनी प्रारंभ हो गयी और जांच की अवधि में इसमें भारी गिरावट आयी। यह भी नोट किया जाता है कि पिछले वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में अवसारित कीमत में गिरावट आयी है परंतु आधार वर्ष की तुलना में इसमें मामूली सी वृद्धि हुई है।

57. समग्र रूप से, यह नोट किया जाता है कि क्षति अवधि के दौरान बिक्री लागत में भारी वृद्धि हुई है, तथापि, घरेलू समान उत्पाद की बिक्री कीमत में उसी अवधि के दौरान गिरावट आयी। यद्यपि सम्बद्ध देशों से सम्बद्ध वस्तु के अवसारित मूल्य में मामूली सी वृद्धि हुई है तथापि यह नोट किया जाता है कि सम्बद्ध देश से सम्बद्ध वस्तु के पाटित आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों का निग्रहण कर दिया है।

ज. घरेलू उद्योग के आर्थिक पैरामीटर

58. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-2 में यह अपेक्षा की जाती है कि क्षति निर्धारण में इन आयातों के ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर परिणामी प्रभाव की उद्देश्य परक जांच करना अंतर्ग्रस्त होगा। ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में पाटनरोधी नियमावली में पुन: यह प्रावधान किया गया है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में उन सभी संगत आर्थिक कारकों और देशनांकों का उद्देश्य परक एवं पक्षपात रहित मूल्यांकन शामिल होगा जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है जिनमें शामिल है बिक्री, लाभ, आउट-पुट, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर अर्जन अथवा क्षमता उपयोग में संभावित एवं वास्तविक गिरावट; घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक, पाटन के मार्जिन की मात्रा; नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, वेतन, वृद्धि, पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता पर वास्तविक एवं संभावित ऋणात्मक प्रभाव।

59. घरेलू उद्योग के संबंध में विभिन्न क्षति पैरामीटरों पर निम्नलिखित चर्चा की गई है;

i. <u>घरेलू उद्योग का उत्पादन, क्षमता और क्षमता उपयोग</u>

60. घरेलू उद्योग के उत्पादन, घरेलू बिक्री, क्षमता और क्षमता उपयोग का उल्लेख निम्नवत किया गया है:

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
संयंत्र क्षमता	एमटी	75,750	75,750	117,000	117,000
संयंत्र उत्पादन	एमटी	73,245	85,566	124,548	138,689
संयंत्र क्षमता उपयोग	%	96.69%	112.96%	106.45%	118.54%
उत्पादन-विचाराधीन उत्पाद	एमटी	35,324	42,422	62,788	73,966
बिक्री मात्रा					
घरेलू	एमटी	35,191	42,361	60,286	71,338
निर्यात	एमटी	189	60	2094	2638
कुल बिक्री	एमटी	35,380	42,421	62,380	73,976

61. प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन क्लोरोफार्म और कार्बन टेट्राक्लोराइड के साथ संयुक्त रूप से किया जाता है जो एक सह उत्पाद है। चूंकि उत्पादन सुविधाएं साझा हैं और दोनों उत्पाद सह उत्पाद हैं इसलिए क्षमता उपयोग की जांच मिथाइलीन क्लोराइड और क्लोरोफार्म के संयुक्त उत्पादक पर विचार करते हुए की गई है।

62. यह नोट किया जाता है कि याचिकाकर्ता कंपनियों में से एक कंपनी ने वर्तमान क्षति अवधि के अंदर अपनी क्षमता में विस्तार किया है। घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुत किया है कि इस उत्पाद का क्षमता विस्तार देश में मांग-आपूर्ति अंतर को ध्यान में रख कर किया गया है और इसमें कंपनी द्वारा भारी पूंजी व्यय किया गया है। चूंकि घरेलू उद्योग ने अपनी क्षमताओं में विस्तार किया है इसलिए घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुत किया है कि उत्पादन और घरेलू बिक्री मात्रा में वृद्धि अनिवार्य हो गयी थी कि वह इस क्षमता वृद्धि का एक परिणाम है।

63. उपर्युक्त तालिका से यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्रियों, उत्पादन और क्षमता उपयोग में आधार वर्ष तथा विगत वर्ष की तुलना में जांच की अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग ने तर्क दिया है कि क्षमता वृद्धि का एक प्राकृतिक परिणाम यह होना चाहिए था कि कंपनी के लाभ में वृद्धि हो।

ii. **<u>बाजार हिस्सा</u>**

64. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री और बाजार हिस्से पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच निम्नवत की गई है:

मांग में बाजार हिस्सा	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
घरेलू उद्योग एवं समर्थनकर्ता की बिक्री	%	40.69	40.55	41.93	53.75

अन्य उत्पादकों की बिक्री	%	15.08	13.37	10.99	11.46
सम्बद्ध देश-आयात	%	33.31	39.01	34.00	31.27
अन्य देश –आयात	%	10.93	7.06	13.09	3.53
कुल	%	100.00	100.00	100.00	100.00

65. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में जांच की अवधि में वृद्धि हुई है।

iii. **<u>लाभ, निवेश पर अर्जन और नकदी प्रवाह</u>**

66. घरेलू उद्योग की बिक्री लागत, बिक्री कीमत और लाभ/हानि का विश्लेषण निम्नलिखित किया गया है:

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
बिक्री लागत	रुपये/किग्रा	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*अनुक्रमित*	*100*	*99*	*111*	*116*
बिक्री कीमत	रुपये/किग्रा	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*अनुक्रमित*	*100*	*139*	*125*	*90*
लाभ/हानि	रुपये/किग्रा	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*अनुक्रमित*	*100*	*1,103*	*463*	*(525)*
लाभ/हानि	लाख रुपये	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*अनुक्रमित*	*100*	*1,328*	*792*	*(1,065)*
पीबीआईटी	लाख रुपये	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*अनुक्रमित*	*100*	*482*	*310*	*(248)*
नकद लाभ	लाख रुपये	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*अनुक्रमित*	*100*	*691*	*461*	*(413)*
आरओआई	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*अनुक्रमित*	*100*	*410*	*228*	*(142)*

67. उपर्युक्त तालिका से यह नोट किया जाता है कि क्षति अवधि के दौरान बिक्री लागत में वृद्धि हुई जबकि बिक्री कीमत में वर्ष 2010-11 में वृद्धि हुई तत्पश्चात जांच की अवधि में इसमें लगातार तीव्र गिरावट आयी। परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग के लाभ में वर्ष 2010-11 तक बढ़ोत्तरी हुई और उसके पश्चात इसमें गिरावट आनी शुरू हो गयी। घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता में उस सीमा तक गिरावट आयी कि उसे जांच की अवधि में भारी वित्तीय घाटा हुआ ।

68. लाभ में गिरावट के परिणाम स्वरुप निवेश पर अर्जन और नकद लाभ में भी आधार वर्ष तथा विगत वर्ष से तुलना करने पर जांच की अवधि के दौरान भारी गिरावट आयी है। घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता में जांच की अवधि के दौरान भारी कमी हुई और जांच की अवधि में इसे नकद घाटा हुआ तथा निवेश पर ऋणात्मक अर्जन हुआ ।

iv. **<u>मालसूची</u>**

69. सम्बद्ध वस्तु की मालसूची से संबंधित आंकड़े निम्नलिखित तालिका में दर्शाये गये है:

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
अथ स्टाक	एमटी	***	***	***	***
इति स्टाक	एमटी	***	***	***	***
औसत स्टाक	एमटी	174	137	331	411
प्रवृत्ति	*अनुक्रमित*	*100*	*79*	*191*	*236*

70. उपर्युक्त तालिका से यह नोट किया जाता है कि आधार वर्ष तथा विगत वर्ष की तुलना में जांच की अवधि के दौरान औसत स्टाक में वृद्धि हुई है।

v. **<u>रोजगार एवं पारिश्रमिक</u>**

71. रोजगार एवं पारिश्रमिक से संबंधित स्थिति निम्नलिखित है:

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
